उज्जैन
रविवार
26
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-172
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



हरियाणवी एक्ट्रेस की मौत पर सवाल
दिव्यांका सिरोही के सिर में चोट लगी
जल्दबाजी में बिना पोस्टमॉर्टम संस्कार, यूपी पुलिस बोली- हमें भी जानकारी नहीं दी

पेज- 8

## संदीप पाठक के जाने से हिली रणनीतिक रीढ़ केजरीवाल की बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी में सियासी उथल-पुथल अब गहराते संकट का रूप लेती दिखाई दे रही है। एक साथ सात राज्यसभा सांसदों के पार्टी छोड़ने के घटनाक्रम ने जहां बाहरी तौर पर बड़ा झटका दिया, वहीं पार्टी के भीतर असली चिंता का कारण संदीप पाठक का जाना माना जा रहा है। पार्टी के कई सूत्रों का मानना है कि यह सिर्फ एक नेता का बाहर जाना नहीं, बल्कि संगठन की रणनीतिक संरचना को कमजोर करने वाला फैसला है। इस पूरे घटनाक्रम में राघव चड्ढा का नाम सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहा, लेकिन अंदरखाने चर्चा इस बात की है कि उनकी तुलना में पाठक का जाना कहीं ज्यादा गहरा असर डाल सकता है।



## अब एच-1 बी वीजा पर तीन साल रोक की तैयारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राज में भारतीयों के लिए अमेरिकन ड्रीम दुःस्वप्न बनता जा रहा है। अब ट्रम्प की पार्टी के सांसदों ने एच-1 बी वीजा पर 3 साल तक रोक सहित कई अन्य कड़े प्रावधानों वाला बिल संसद में पेश किया है। 7 रिपब्लिकन सांसदों की ओर से कांग्रेस (संसद) में पेश किए गए इस एच-1 बी दुरुपयोग रोकथाम बिल-2026 का उद्देश्य अमेरिकी लोगों के लिए नौकरी के ज्यादा मौके बनाना है। एरिजोना के रिपब्लिकन सांसद एली क्रेन ने बिल को संसद में रखा है। बिल पर हस्ताक्षर करने वाले अन्य सांसदों में ब्रैंडन गिल, पॉल गोसर और एंडी ओगल्स शामिल हैं। अमेरिकी हितों से जुड़े इस बिल पर डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ सांसदों का भी समर्थन मिलने के आसार हैं।

## ममता बनर्जी ने अमित शाह पर केस की चेतावनी दी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच सियासी बयानबाजी अब कानूनी लड़ाई की ओर बढ़ती दिख रही है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विवादित बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इस बयान के बाद चुनावी माहौल और अधिक गरमा गया है, जहां आरोप-प्रत्यारोप खुलकर सामने आ रहे हैं। हुगली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि गृह मंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।



## अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले लौटे ईरानी विदेश मंत्री

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार शाम इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले ही लौट गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें और अमेरिकी मांगों पर अपनी आपत्तियां भी सौंप दी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत करने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा कि ईरान अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही अमेरिका तक पहुंचाएगा। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर का पाकिस्तान दौरा रद्द कर दिया।

# यूपी का बांदा देश में सबसे गर्म, पारा 47.4 डिग्री पहुंचा

## राजस्थान-महाराष्ट्र समेत 4 राज्यों में पारा 45 डिग्री के पार, 10 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

देश में भीषण गर्मी का असर तेज हो गया है। गर्मी बढ़ने के साथ देश में बिजली की मांग 252.07 गीगावॉट तक पहुंच गई, जो अब तक की सबसे ज्यादा है। इससे पहले मई 2024 में 250 गीगावॉट का रिकॉर्ड बना था। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत के 10 राज्यों में हीटवेव और वॉर्म नाइट का अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश का बांदा शनिवार को देश में सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रयागराज में तापमान 45.5 डिग्री, वाराणसी में 45 डिग्री और झांसी में 44.8 डिग्री रहा। वहीं दिल्ली में इस सीजन का सबसे अधिक तापमान 42.8 डिग्री दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के इंदौर और ग्वालियर जिले में आंगनवाड़ी केंद्र और 8वीं तक के सभी स्कूल 27 से 30 अप्रैल तक बंद रहेंगे। राजस्थान के बाड़मेर में 45.7 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। वहीं पंजाब के फरीदकोट में 45.2 डिग्री और हरियाणा के रोहतक में 44.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। महाराष्ट्र के अकोला, अमरावती में तापमान 45.6 डिग्री और वर्धा में 45.5 डिग्री दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश के ऊना में तापमान 42.2 डिग्री रहा, हालांकि 27 अप्रैल से बारिश का अनुमान है। केरल और आंध्र प्रदेश में भी तापमान 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है और हीटवेव जैसी स्थिति बनी हुई है।



# तेलंगाना में कविता ने नई पार्टी टीआरएस बनाई



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ हैदराबाद

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता ने पार्टी और परिवार से अलग होकर नई पार्टी बना ली है। इसका नाम टीआरएस (तेलंगाना राष्ट्र सेना) होगा। पिता के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का मूल नाम टीआरएस (तेलंगाना राष्ट्र समिति) ही था। यानी कविता ने पिता के छोड़े गए नाम टीआरएस को ही अपनाया है।

अपनी पार्टी के नाम और एजेंडे की घोषणा करते हुए कविता ने सत्ताधारी कांग्रेस, भाजपा और बीआरएस पर तीखा हमला बोला। पिता को बदला हुआ इंसान और आत्माहीन बताया। कविता ने कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी इसलिए बनाई क्योंकि उनके पिता लोगों के मुद्दों पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं। कविता ने कहा कि उनकी पार्टी 2028 में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पिता केसीआर ने ही पार्टी से निकाला था मालूम हो, दिल्ली आबकारी नीति मामले में नाम आने पर वे 165 दिन जेल में भी रहीं। सितंबर 2025 में उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। कविता को बीआरएस से निकालने का फैसला उनके पिता के. चंद्रशेखर राव ने ही किया था।

# बंगाल में आज पीएम मोदी की 2 रैली और एक रोड-शो

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कोलकाता

पीएम मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के बनगांव और आरामबाग में जनसभा करेंगे। इसके बाद शाम 5:30 बजे कोलकाता में उनका रोड शो है। हुगली में शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा मेरे चुनाव क्षेत्र में बसों में बाहरी लोगों को लेकर आई। मैंने उन्हें मिठाई खिलाई।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को हुगली में रैली की। उन्होंने कहा- मेरे ऊपर 36 केस हैं क्योंकि मैं बीजेपी से लड़ता रहता हूं। लेकिन ममता जी के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ? क्योंकि ममता बंगाल में बीजेपी का रास्ता खोल रही हैं।

हावड़ा में जनसभा के दौरान अमित शाह ने कहा कि बंगाल की जनता जानती है कि 4 शादियां कौन करते हैं। 4 मई को हमारी सरकार बनेगी और इसके बाद हम यूसीसी लाएंगे। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हम बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगे।



# वॉशिंगटन में डिनर के दौरान फायरिंग

## ट्रम्प मौजूद थे, हमलावर पकड़ाया, गेस्ट टेबल के नीचे छिपे, सभी सुरक्षित

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। हालांकि, पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया।

हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी।





## जम्मू-कश्मीर के जोजिला पास में एवलांच

# कई गाड़ियां 8 फीट बर्फ में दबीं

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ श्रीनगर/जोजिला

जम्मू-कश्मीर के जोजिला पास के शैतान नाला क्षेत्र में एवलांच (हिमस्खलन) हुआ। इसकी चपेट में आने से कई वाहन 8 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। एक टैंकर ड्राइवर एवलांच में फंसा हुआ है।

सैन्य अधिकारियों के मुताबिक सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीमों को मौके पर भेजा गया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। टीमें बर्फ हटाने और फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटी हैं। पिछले 28 दिनों में जोजिला पास में यह दूसरा एवलांच है। 28 मार्च को हुए एवलांच में 7 लोगों की मौत हो गई थी।

शैतान नाला श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे का एक संवेदनशील हिस्सा है, जहां खराब मौसम के दौरान अक्सर एवलांच की घटनाएं होती रहती हैं।



# महिला अधिकारी को धमकी देने के मामले में मंत्री के भाई इंदर सिंह चौहान गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इंदौर

प्रदेश में एक महिला अधिकारी को खुलेआम जान से मारने और दांत तोड़ने की धमकी देने वाला मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोपी की पहचान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान के भाई और जनपद पंचायत अध्यक्ष के पति इंदर सिंह चौहान के रूप में हुई है। घटना मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले की है। मामला सामने आने के बाद मंत्री नागर सिंह चौहान ने खुद को अपने भाई से पूरी तरह अलग कर लिया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि उनका अपने भाई के साथ कोई संवाद नहीं है और वे दोनों अलग-अलग रहते हैं। मंत्री ने साफ कहा कि इंदर सिंह चौहान ने जो किया है, वे उसके लिए स्वयं जिम्मेदार हैं और वे इस मामले में किसी का भी बचाव नहीं करेंगे।

यह पूरा मामला 22 अप्रैल को अलीराजपुर जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय में घटित हुआ था. जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रिया कांग ने 'मुख्यमंत्री कन्यादान योजना' के तहत आए कुछ आवेदनों की जांच के बाद उन्हें निरस्त कर दिया था। सीईओ का कहना था कि ये आवेदन उन जोड़ों के थे जो पहले से ही विवाहित थे और योजना के पात्रता नियमों के अंतर्गत नहीं आते थे।

## खबर एक नजर...

### नचाने की बात पर भाईयों ने युवक को मारे चाकू

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार रात श्याम राधे होटल के बाहर बारात में ढोल पर नचाने की बात पर अभिषेक पिता नंदकिशोर पोरवाल 24 साल निवासी इंगोरिया का ग्राम सुनेड़ा के रहने वाले अभिषेक जयसवाल से विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि अभिषेक जयसवाल और उसके भाई ने मिलकर चाकू से अभिषेक पोरवाल पर हमला कर दिया। बारात में हुई चाकूबाजी से अफरा-तफरी मच गई। हमला करने वाले भाई भाग निकले। घायल को उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने बताया कि डीजे बज रहा था, सब उस पर नाच रहे थे, इसी बीच वह और उसके कुछ साथियों ने ढोल पर नाचने के लिये ढोली का एक तरफ बुलाया, इस बात पर दोनों भाईयों ने विवाद करते हुए चाकू से हमला किया है। पुलिस के अनुसार मामले में चाकूबाजी का प्रकरण दर्ज कर दोनों भाईयों की तलाश की जा रही है। चाकूबाजी का एक मामला रात में देवासगेट थाना क्षेत्र के इंदौरगेट पर हुआ। मोहननगर में रहने वाले अम्बाराम पिता गंगाराम 35 साल को जितेन्द्र नामक युवक ने पेट में चाकू घोंप दिया। घायल ने बताया कि वह ढोल बजाने का काम करता है और इंदौरगेट पर उसकी दुकान है। चाकू मारने वाला जितेन्द्र भी ढोली है। 2 दिन पहले कार्यक्रम में ढोल बजाने की बात पर विवाद हुआ था। उस वक्त मामला शांत हो गया था। रात में जितेन्द्र बहाने से इंदौरगेट बुलाया। उसे पता नहीं था कि जितेन्द्र हमला कर देगा। इंदौरगेट पहुंचते ही जितेन्द्र चाकू से वार कर दिये।

### जैथल टैक के पास दुर्घटना में एक की मौत


**उज्जैन।** आगररोड जैथल टैक के पास शनिवार रात हुई दुर्घटना में एक की मौत हो गई, दूसरा गंभीर घायल हुआ है। दोनों को एम्बुलेंस चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। घट्टिया थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात चरक अस्पताल पहुंची एम्बुलेंस में 2 ग्रामीण घायल हालत में लाये गये थे। डॉक्टरों ने परीक्षण किया तो एक की मौत होना सामने आया। दूसरा गंभीर घायल था, जिसे उपचार के लिये भर्ती किया गया। घायल से पूछताछ में उसका नाम रतनलाल पिता भैरूलाल 55 साल निवासी ग्राम गोठड़ा नानाखेड़ा होना सामने आया। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। जिनके अस्पताल पहुंचने पर मृतक का नाम आशाराम पिता भैरूलाल पता चला। अस्पताल स्टॉफ ने मृतक की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। घटना से परिजन काफी गमगीन थे, जिसके चलते स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई कि घायल और मृतक कहां से आ रहे थे। वही मामले को लेकर घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि ग्राम जैथल टैक से उज्जैन की ओर जाने वाले मार्ग पर पट्रोल पंप के पास बाइक सवार 2 लोगों को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने की खबर मिली थी। घटनास्थल से बाइक सवारों के घायल होने पर एम्बुलेंस अस्पताल लेकर रवाना हो गई थी। मामले में घायल के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल अज्ञात वाहन का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है।

### आधी रात को कॉबिंग गश्त पर निकली पुलिस

**उज्जैन।** कानून व्यवस्था को बनाये रखने और आमजन में सुरक्षा का भाव बनाये रखने के लिये शनिवार-रविवार आधी रात पुलिस जिले में कॉबिंग गश्त पर निकली। इस दौरान गलियों में पैदल भ्रमण किया गया और मुख्य मार्गो पर वाहनों में सवार होकर सर्चिंग की गई। एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में शनिवार-रविवार रात कॉबिंग गश्त का आयोजन किया गया। शहर का पुलिस बल आधी रात को पुलिस कंट्रोलरूम पर एकत्रित हुआ और कानून व्यवस्था के साथ आमजन में सुरक्षा का भाव बनाये रखने के लिये भ्रमण शुरू किया। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी कॉबिंग गश्त शुरू की गई। गश्त के दौरान एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी, थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों के साथ एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षक शामिल थे। पुलिस द्वारा रात में सड़कों पर निकले वालों संदिग्धों से पूछताछ शुरू की। वहीं हिस्ट्रीशिटर बदमाशों, जिलाबदर बदमाशों, गुंडा लिस्ट में शामिल बदमाशों को चैक किया। लम्बे समय से स्थाई और गिरफ्तार वारंट में शामिल वारंटियों की तलाश कर उनकी धरपकड़ की शुरूआत की।

## उज्जैन जिला अस्पताल में आधे घंटे तक ठप रही बिजली

# मोबाइल टॉर्च की रोशनी में इलाज





### सीएमएचओ बोले- मेरा ऑफिस भी अंधेरे में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत शुक्रवार को उज्जैन जिला अस्पताल में नजर आई। यहां बिजली गुल होते ही डॉक्टरों को मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज करना पड़ा। इमरजेंसी वार्ड में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जबकि वार्ड और आईसीयू में भर्ती मरीज गर्मी और घुटन से परेशान हो उठे।

इसका एक वीडियो वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने पर जब सीएमएचओ से बात की तो उन्होंने कहा कि भला मैं इसमें क्या कर सकता हूं, मेरे ऑफिस में भी बिजली नहीं है। घटना शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे की है। अचानक पूरे अस्पताल की बिजली चली गई। अस्पताल कई कमरों में प्रॉपर वेंटिलेशन और प्राकृतिक रोशनी की व्यवस्था न होने के कारण से कमरे में अंधेरा छा गया। उस समय इमरजेंसी में 2-3 मरीजों की ड्रेसिंग चल रही थी। डॉक्टर्स और स्टाफ ने टॉर्च जलाकर की ड्रेसिंग डॉक्टर न तो बीच में ड्रेसिंग छोड़ सकते थे और न ही मरीजों को ड्रेसिंग के लिए इंतजार करने को कह सकते थे, क्योंकि उन्हें भी नहीं पता था कि बिजली कब लौटेगी। इसलिए बिजली गुल होने के बाद भी डॉक्टर और स्टाफ ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर इलाज जारी रखा। करीब आधे घंटे तक अस्पताल अंधेरे में डूबा रहा। इस दौरान मरीजों और उनके परिजनों में घबराहट का माहौल रहा।

### मरीज के परिजन बोले- हालत बिगड़ सकती थी

मरीज के परिजन इसफाक खान ने बताया कि एक्सीडेंट के बाद उनके भतीजे को रात में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा कि सुबह जब मैं नीचे गया, तभी बिजली चली गई। जब वार्ड में पहुंचा तो वह पसीने से तर था और घबरा रहा था। अगर जल्दी बिजली नहीं आती, तो हालत और बिगड़ सकती थी। उन्हेल से अपने बेटे को ओपीडी में दिखाने पहुंचे श्रीनिवास शर्मा ने बताया कि गर्मी के कारण वे सुबह जल्दी अस्पताल आ गए थे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर को दिखाने के लिए परिसर में ही बैठा था, तभी अचानक बिजली चली गई। काफी देर तक बिजली नहीं आई। इस दौरान पंखे भी बंद रहे, इसलिए बेटे के साथ पेड़ के नीचे बैठकर इंतजार करना पड़ा। एक दिन पहले ही भर्ती हुए जाहिद खान ने बताया कि वे अस्पताल की तीसरी मंजिल पर भर्ती हैं। यहां की लिफ्ट अक्सर काम नहीं करती और कई बार बीच में ही रुक जाती है। अचानक बिजली गई तो घबराहट होने लगी। सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए खुद ही नीचे आ गया।

### लिफ्ट खराब, बैकअप सिस्टम भी नहीं

अस्पताल में बिजली कटौती की समस्या आम हो गई है। इसके साथ ही लिफ्ट का मेंटिनेंस भी ठीक से नहीं हो रहा। लिफ्ट अक्सर खराब रहती है। लोग शिकायत करते हैं, पर सुनवाई नहीं होती। बताया जाता है कि ठेकेदार और अस्पताल प्रबंधन के बीच विवाद के चलते लिफ्ट की स्थिति खराब है। बिजली जाने पर बैकअप सिस्टम काम नहीं करता, जिससे कई बार लोग लिफ्ट में फंस चुके हैं।

### सीएमएचओ बोले- लाइट जाए तो मैं क्या कर सकता हूं

मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोक पटेल ने कहा कि डीपी में फॉल्ट आने के कारण करीब 20 मिनट के लिए बिजली गई थी, जिसके बाद सप्लाई बहाल कर दी गई। हालांकि, जब उनसे बार-बार बिजली जाने और बैकअप सिस्टम पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा- भैया, लाइट जाए तो इसमें मैं क्या कर सकता हूं।

### 500 बेड का अस्पताल, रोज 300 से ज्यादा की ओपीडी

उज्जैन का यह जिला अस्पताल 500 बेड क्षमता वाला प्रमुख अस्पताल है। फिलहाल मेडिकल कॉलेज निर्माण के चलते इसे चरक अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। यहां रोजाना 300 से अधिक मरीजों का ओपीडी में इलाज होता है, लेकिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि इसके बाद भी अस्पताल में इन शिकायतों को दूर करने के लिए अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं।

## वैष्णव अखाड़ों की पेशवाई के लिए बनेगा वैकल्पिक मार्ग

# सिंहस्थ में 30 करोड़ श्रद्धालुओं के क्राउड मैनेजमेंट की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में सिंहस्थ 2028 महापर्व की तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रामेश्वरदास महाराज के साथ वैष्णव अखाड़ों की पेशवाई मार्ग का निरीक्षण किया।

सिंहस्थ के दौरान वैष्णव अखाड़ों की पेशवाई खाक चौक से शुरू होकर रामघाट तक पहुंचती है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्री मंगलनाथ मंदिर मार्ग, निकास चौराहा, सतीगेट, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और कहारवाड़ी होते हुए पूरे मार्ग का जायजा लिया।

**30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान, वैकल्पिक मार्ग बनाने के निर्देश-** सिंहस्थ 2028 को विश्वस्तरीय आयोजन बनाने की तैयारी है। अनुमान है कि इस महापर्व में देश-विदेश से 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अभी से व्यवस्थाएं मजबूत कर रहा है।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि इस बार संभावित भारी भीड़ को देखते हुए पेशवाई के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तय किया जाए। ताकि श्रद्धालुओं की अधिक संख्या होने पर क्राउड मैनेजमेंट में परेशानी न हो।

**भीड़ प्रबंधन पर फोकस, मंगलनाथ क्षेत्र में लगेंगे शिविर-** वैष्णव अखाड़ों के शिविर मंगलनाथ मंदिर क्षेत्र में लगाए जाएंगे। प्रमुख स्नान के दौरान संत-महंत पेशवाई के रूप में रामघाट पहुंचकर शिप्रा नदी में स्नान करेंगे।

महंत रामेश्वरदास महाराज ने भी पेशवाई के लिए वैकल्पिक मार्ग रखने का सुझाव दिया। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि प्रस्तावित वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण जल्द किया जाएगा, जिससे भीड़ नियंत्रण और आवागमन सुचारु बना रहे।

# डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण से 159 कर्मचारी अनुपस्थित



### प्रशासन ने जारी किए कारण बताओ नोटिस, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में देश की पहली डिजिटल जनगणना के प्रशिक्षण कार्यक्रम में लापरवाही सामने आई है। प्रशिक्षण सत्रों से अनुपस्थित रहने वाले 159 कर्मचारियों को जनगणना अधिनियम के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

प्रशासन के अनुसार, जनगणना कार्य के लिए विभिन्न जोन में लगातार प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके बावजूद कई कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे, जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया है और यह कार्रवाई की गई है।

शनिवार को आयोजित एक कार्यशाला में अपर आयुक्त संतोष टैगोर की उपस्थिति में 168 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस सत्र के दौरान डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया, डेटा एंट्री और स्वगणना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि स्वगणना के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए, जिससे यह प्रक्रिया सुचारु और तीव्र गति से संपन्न हो सके।

इस कार्यक्रम में उपायुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे और जिला जनगणना प्रभारी तेजिंदर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या रूपं कुरूपाणां क्षमा रूपं तपस्विनाम्।
कोकिलानां स्वरो रूपं स्त्रीणां रूपं पतिव्रतम्।।

**अर्थः** कुरूप का रूप है, तपस्वी का विधायक,
कोकिला का रूप, विद्रोह का विधायक।

## खबर एक नजर...

### पानी भरने के विवाद में युवक की हत्या

**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना शुक्रवार रात की है। आरोपियों ने युवक को ढाबे पर बुलाकर शराब पिलाई और फिर उस पर हमला कर दिया। शनिवार को शव का पोस्टमॉर्टम एमवाय अस्पताल में किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान चिंताराम (26) पिता रणजीत सिंह राठौर, निवासी रविदास नगर के रूप में हुई है। परिजन राजू पंवार ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह घर के बाहर सरकारी नल से पानी भर रहा था, तभी इलाके के कुलदीप, पंकज, मयूर और मोहित से उसका विवाद हो गया। आरोपियों का कहना था कि वे उसी नल से मोटर के जरिए पानी भरेंगे। इसी बात को लेकर कहासुनी बढ़ी और झगड़ा हो गया। परिजनों के मुताबिक, चारों आरोपी पहले भी पानी को लेकर विवाद करते थे और इलाके में दबंगई दिखाते थे। शुक्रवार सुबह हुए विवाद के बाद मामला शांत हो गया था, लेकिन जब चिंताराम घर से बाहर निकला तो आरोपियों ने उसे रास्ते में घेर लिया और मारपीट की। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी उसके साथ इस तरह की घटनाएं हो चुकी थीं, लेकिन उसने कभी शिकायत नहीं की। शुक्रवार रात चिंताराम राजा ढाबे पर पहुंचा, जहां चारों आरोपी भी आ गए। उन्होंने सुलह का बहाना बनाकर उसे अपने साथ बैठाया और शराब पिलाई। इसके बाद आरोपियों ने उसके सीने में दिल के पास चाकू से दो वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### इंदौर में निवेश के नाम पर 27 लाख की ठगी

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने निवेश के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। आरोपी ने व्यापार में ज्यादा मुनाफे का लालच देकर लोगों से लाखों रुपए निवेश कराए और रकम का उपयोग निजी खर्चों व कर्ज चुकाने में कर लिया। क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपी सत्यविंद चावला ने फरियादियों को शीतल पेय और ऋटउऋव्यापार में अधिक लाभ का झांसा देकर करीब 27 लाख रुपए का निवेश करवाया, लेकिन निवेश की गई राशि को व्यापार में लगाने के बजाय उसने व्यक्तिगत खर्च और अन्य कार्यों में खर्च कर दिया, जिससे निवेशकों को आर्थिक नुकसान हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपी ने हरसिमरन सिंह अरोरा, जयंत रिजवानी और रासिका प्रधान के साथ साझेदारी में फ्रेश लिंक इंटरप्राइजेस नाम से फर्म बनाई थी। इसी फर्म के जरिए फरियादियों से निवेश कराया गया। जब निवेशकों को ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने मामले की शिकायत क्राइम ब्रांच से की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### निगम में गाड़ी की गड़बड़ी में खुलासा:पार्षद ने कबूला-खुद की गाड़ी लगाई है

**इंदौर।** नगर निगम में निजी वाहनों में घूमकर टैक्सी का बिल लेने वाले एमआईसी सदस्यों के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। वित्त एवं लेखा विभाग की जिम्मेदारी संभाल रही पार्षद प्रिया दांगी ने बातचीत में कबूल किया कि जिस वाहन का वे टैक्सी की तरह उपयोग कर रही हैं, वो उनका खुद का है। उन्होंने उसे ही निगम में अटैच करवा रखा है। प्रिया ने ये भी कबूल किया कि पहले उन्हें इनोवा ही मिली थी। जब उन्होंने स्कॉर्पियो खरीदी तो इनोवा हटाकर अपना वाहन ही अटैच करवा लिया। उन्होंने यह भी बताया कि वाहन के लिए ड्राइवर निगम की तरफ से ही मिला हुआ है। रिकॉर्ड में किसी अन्य के नाम प्रिया दांगी को जो वाहन निगम की तरफ से अलॉट हुआ है, वो उनका पर्सनल है। लेकिन निगम के रिकॉर्ड में यह वाहन इनोवा बताकर आनंद सिसोदिया के नाम से अलॉट है। आरटीओ के रिकॉर्ड में भी इस नंबर का वाहन आनंद सिसोदिया के ही नाम से रजिस्टर्ड है।

# इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन ने रनवे के पास छोड़ा गड्ढा

## न संकेतक, न लाइटिंग की, केबलिंग-डक्टिंग के बाद भरा ही नहीं, अधूरे रनवे पर ही उड़ानें जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यह मामला रनवे से जुड़ा है, जहां केबलिंग कार्य के लिए रनवे के पास गड्ढा खोदा गया है। हैरानी की बात यह है कि आम सड़कों की तरह इस गड्ढे को न तो तुरंत भरा गया और न ही आसपास कोई सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

इस लापरवाही के चलते एयरपोर्ट पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हालांकि, एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि यह लापरवाही नहीं, बल्कि काम का हिस्सा है और गड्ढा रनवे से कुछ मीटर दूरी पर है।

सूत्रों के अनुसार, टर्मिनल के सामने रनवे के पास केबलिंग और डक्टिंग कार्य के लिए कुछ समय पहले यह गड्ढा किया गया था। नियमों के मुताबिक रनवे के आसपास खोदे गए



गड्ढों को तुरंत भरना जरूरी होता है, लेकिन यहां कई दिनों से इसे खुला छोड़ दिया गया है।

इसके अलावा, यदि किसी क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा हो या गड्ढा खुला हो, तो वहां संकेतक और सुरक्षा इंतजाम करना अनिवार्य होता है। लेकिन यहां इन नियमों का पालन नहीं किया गया और गड्ढा बिना किसी चेतावनी के खुला पड़ा है।

एयरपोर्ट के पीआरओ रामस्वरूप यादव ने बताया कि ऑपरेशनल एरिया में रोजाना काम चलता रहता है। फिलहाल केबलिंग कार्य के चलते गड्ढा खोदा गया है, जिसे काम पूरा होने के बाद ही भरा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि गड्ढा रनवे से कुछ मीटर दूर है। वहीं, संकेतक और लाइटिंग नहीं लगाने के सवाल पर उन्होंने इसे लापरवाही मानने से इनकार करते हुए इसे काम का हिस्सा बताया।

### हादसा न हो इसके लिए रनवे के पास समतल जमीन जरूरी

एविएशन एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन की सुरक्षा गाइडलाइन के अनुसार रनवे के आसपास का पूरा क्षेत्र समतल होना अनिवार्य है। इसका उद्देश्य यह है कि यदि किसी कारण से विमान असंतुलित होकर रनवे से बाहर निकलता है, तो समतल सतह होने पर बड़े हादसे की आशंका कम हो जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि रनवे के पास गड्ढा मौजूद हो, तो दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में यदि किसी कारण से खुदाई या निर्माण कार्य किया भी जाता है, तो नियमानुसार गड्ढों को तुरंत भरना जरूरी होता है। यदि कंक्रीट का काम क्योरिंग पीरियड में हो, तब भी अस्थायी रूप से रेत की बोरियों के जरिए गड्ढे को बंद करना अनिवार्य है।

### संकेतक, झंडे और लाइट्स लगाना अनिवार्य

एविएशन एक्सपर्ट्स के अनुसार सुरक्षा नियमावली में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि रनवे के आसपास यदि किसी निर्माण कार्य के तहत गड्ढा खोदा जाता है, तो उसके आसपास संकेतक और झंडे लगाना अनिवार्य होता है। इसके साथ ही रात के समय प्रभावित क्षेत्र में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था भी जरूरी है। इसका उद्देश्य यह है कि विमान के पायलट को पहले से जानकारी मिल सके कि संबंधित क्षेत्र निमार्णाधीन है, ताकि किसी भी विपरीत स्थिति में वे सही निर्णय ले सकें। हालांकि, यहां करीब एक महीने से चल रहे इस कार्य के दौरान सुरक्षा के ये बुनियादी इंतजाम भी नहीं किए गए। स्थिति यह है कि मौके पर कोई संकेतक तक नहीं लगाया गया, जिससे किसी भी समय हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इंदौर एयरपोर्ट के 2754 मीटर लंबे रनवे के रिकॉर्पेटिंग कार्य में प्रबंधन की लापरवाही पहले भी सामने आ चुकी है। जानकारी के अनुसार, इस कार्य के तहत करीब 1100 मीटर हिस्से पर 4 इंच मोटी डामर की दूसरी परत अब तक नहीं बिछाई गई, जबकि काम अधूरा छोड़ दिया गया।

# मासूम बच्चों से मां छिनी, 5.65 करोड़ मुआवजे का दावा

## इंदौर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कार से कुचलने के मामले में अब दोहरी कानूनी लड़ाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में इंफोसिस की इंजीनियर शंपा पाठक (पांडे) को कार से कुचलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने आरोपी मोहित चौधरी और उसके पिता कुलदीप चौधरी के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। अब पीड़ित परिवार ने 5.65 करोड़ रुपए का मुआवजा दावा पेश किया है।

यह घटना 26 मार्च की रात शिव वाटिका टाउनशिप स्थित सागरश्री एन्क्लेव में हुई थी। पेंटहाउस को किराए पर दिए जाने को लेकर रहवासियों में पहले से असंतोष था। घटना वाली रात फ्लैट की लाइट बंद करने को लेकर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान कुलदीप चौधरी का बेटा मोहित चौधरी कार लेकर पहुंचा और पहले एक महिला



कर्मचारी को टक्कर मारी, इसके बाद शंपा पाठक को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल शंपा पाठक को तुरंत बॉम्बे हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पूरी घटना बिल्डिंग के सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई, जिसके बाद पुलिस ने डीवीआर जब्त कर जांच शुरू की। इसमें सामने आए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज रोंगटे खड़े करने वाले थे।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। शुरूआत में यह घटना हिट एंड रन के रूप में सामने आई थी, लेकिन जांच में जानबूझकर टक्कर मारने के आरोप भी सामने आए हैं। शंपा पाठक हाल ही में परिवार के साथ यहां शिफ्ट हुई थीं। उनके परिवार में दो छोटे बच्चे और माता-पिता हैं। 7 वर्षीय बेटा श्रेयांश (कक्षा तीसरी) और 10 वर्षीय बेटा श्रेष्ठ (कक्षा पांचवीं) हैं। हादसे के बाद से पति सौरभ भी गहरे सदमे में हैं। पीड़ित परिवार की ओर से अब आरोपी मोहित चौधरी, वाहन मालिक और बीमा कंपनी के खिलाफ जिला कोर्ट में 5.65 करोड़ रुपए का दावा प्रस्तुत किया गया है। सीनियर एडवोकेट अरुण त्रिपाठी ने बताया कि भले ही यह मामला हत्या का हो, लेकिन यदि वाहन के उपयोग के दौरान दुर्घटना हुई है और वाहन बीमित है, तो बीमा कंपनी मुआवजा देने से बच नहीं सकती। यह आपराधिक मामला अलग चलेगा, जबकि मुआवजा सिविल दायित्व के तहत तय होगा। दरअसल इस केस में दो अलग-अलग पहलू हो गए हैं। इसमें एक आपराधिक मामला है। जिसमें आरोपी के खिलाफ सजा दिलाने जाने का केस चलेगा।

### एमडी ड्रग्स केस में बड़ा खुलासा

## महिला सप्लायर समेत तीन आरोपी गिरफ्तार, राजस्थान से जुड़ा नेटवर्क

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

खजराना थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 26 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार को खजराना थाना क्षेत्र से अमान को 11 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया था। रिमांड पर लेकर की गई बैकट्रैकिंग पूछताछ में अमान ने एक महिला सप्लायर का नाम बताया। पुलिस ने पाकीजा रोड स्थित पटेल कट इलाके में घेराबंदी कर शुक्रवार को संदिग्ध महिला को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम फिरदौस पिता अब्दुल सत्तार पटेल निवासी डॉक्टर कॉलोनी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 15 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि फिरदौस मैरिज ब्यूरो का काम करती है और 5वीं तक शिक्षित है। उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने ड्रग्स सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

# एसवीआईएमएस में 15 दिवसीय फोर्थ रिसर्च पेपर डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में एमबीए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय फोर्थ रिसर्च पेपर डेवलपमेंट वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें शोध लेखन की प्रक्रियाओं से व्यावहारिक रूप से अवगत कराना था। कार्यशाला में कुल 68 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए 14 शोध पत्रों का सफलतापूर्वक निर्माण किया, जो उनकी मेहनत, विश्लेषणात्मक सोच और शोध कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विवेक शर्मा, प्रोफेसर, आयएमएस डीएवीवी, इंदौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शोध



के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शोध कार्य की शुरूआत अपने रुचि के विषय को पहचानने से होती है। सही विषय का चयन ही सफल शोध की पहली सीढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि शोध का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए निरंतर मेहनत, धैर्य और गहन अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाया कि हम जो देखते और समझते हैं, वह हमारी अपनी सोच और दृष्टिकोण पर आधारित होता है, इसलिए शोध में निष्पक्षता और व्यापक दृष्टि अत्यंत महत्वपूर्ण है।

समापन समारोह में बेस्ट तीन रिसर्च पेपर डेवेलोप करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने कार्यशाला की सराहना करते हुए आज के समय में शोध की उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यशाला के 15 दिनों का संक्षिप्त रिपोर्ट का वाचन समन्वयक डॉ. सपना परिहार द्वारा किया गया। मंच का संचालन डॉ. नीतिका असावा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार कृति बंसल ने माना। इस अवसर पर प्रबंधन विभागाध्यक्ष (पीजी) डॉ. मंदीप गिल, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला की सह-समन्वयक डॉ. चांदनी केशवानी रही।

## खबर एक नजर...

### जानलेवा गड्ढों और धूल के गुबार से परेशान जनता, ऑटो डील एसोसिएशन ने की सड़क निर्माण की मांग

**उज्जैन।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में जर्जर हो चुकी सड़कों ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। इसे लेकर उज्जैन ऑटो डील एसोसिएशन ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन और शासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम एस झलानी, सचिव इकरार शेख और राजेश अग्रवाल ने शासन से मांग की है कि शहर की जिन सड़कों का चौड़ीकरण नहीं होना है, वहां तत्काल नई सड़कों का निर्माण कराया जाए। वर्तमान में कई सड़कें भारी गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिसके चलते आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सड़कें खुदी होने के कारण पूरा शहर धूल और मिट्टी के गुबार में बदल चुका है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वषाकाल भी नजदीक है, ऐसे में जलभराव होने पर सड़कों के ये गहरे गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं। उन्होंने शासन से अनुरोध किया है कि चौड़ीकरण से मुक्त मार्गों पर जल्द से जल्द सड़क बनाकर शहर की जनता को राहत प्रदान की जाए। सड़क निर्माण की इस मांग का समर्थन एसोसिएशन के कमल गोयल, सुरेंद्र शर्मा, कमल यादव, विकास झलानी, धर्मेंद्र चौहान, रूपनारायण डोडिया, राजकुमार बजाज, पूरनगिरी और सुनील नानवानी आदि ने किया है।

### चक्रतीर्थ श्मशान में हुआ अघोर बगलामुखी तांत्रिक अनुष्ठान

**उज्जैन।** बगलामुखी जयंती के पावन अवसर पर चक्रतीर्थ श्मशान स्थित कालवा भैरव मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अघोर बगलामुखी तांत्रिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। तांत्रिक सम्राट भय्यू महाराज के सानिध्य में आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अनुष्ठान के दौरान अनेक भक्तजनों ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और सिद्धि के लिए हवन में आहुतियां अर्पित कीं। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ अघोर साधना में हिस्सा लेकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर तांत्रिक सम्राट भय्यू महाराज ने बताया कि कलयुग में अघोर बगलामुखी का अनुष्ठान अत्यंत शीघ्र फलदायक माना गया है।



# पृथ्वी को बचाना है तो दुनिया को भारत के मार्ग पर चलना पड़ेगा - पद्मश्री नागर

### माधव महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पृथ्वी दिवस पर हुआ सेमिनार

**हम भूमि पुत्र हैं और हमें भूमि की रक्षा करना चाहिए**



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय की आईक्यूएसी, भूगोल विभाग और प्रकृति शोध सोसाइटी (उदयपुर) के क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत पृथ्वी दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। ₹हमारी शक्ति, हमारा ग्रहः पृथ्वी को पुनर्संतुलित करने का प्रयास₹ विषय पर आयोजित इस सेमिनार में विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण पर गहराई से मंथन किया।

मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि पृथ्वी को संकट से बचाना है तो दुनिया को भारत के रास्ते पर चलना पड़ेगा। हम भूमि पुत्र हैं और हमें भूमि की रक्षा करनी चाहिए। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि धरती को माता कहा गया है। हमारे बुजुर्ग सुबह धरती पर पैर रखते हैं तो उससे क्षमा मांगते हैं। हमारी संस्कृति में पेड़ों को भी प्राणवान और देवतुल्य माना गया है। आज धरती प्यासी है और हमें इसे पानी पिलाने की जरूरत है। तापमान को बढ़ने से रोकने के लिए सघन पौधारोपण और जल संरचनाओं का निर्माण करना होगा।

सारस्वत अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि जल संरक्षण ही एक प्रकार से पृथ्वी का संरक्षण है। हम धरती से जो लेते हैं, उसे वापस भी देना चाहिए। कपड़े की थैली का उपयोग करना और मिट्टी के गणेश बनाना धरती के लिए हमारा समर्पण है। उन्होंने आह्वान किया कि आगामी सिंहस्थ मेला भी पूर्णतः पर्यावरण के अनुकूल हो, इसके लिए हमें अभी से प्रयास करने होंगे। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि यह पृथ्वी रत्नगर्भा है, जो हमारा पालन करती है, लेकिन हम वनों को तेजी से नष्ट कर रहे हैं। कपड़ों को रंगने से जल प्रदूषित होता है, इसलिए जल संरक्षण के लिए कभी-कभी सफेद और बिना प्रेस किए हुए कपड़े भी पहनने चाहिए।

# व्यावसायिक स्वार्थः दुकानें निकालने के लिए नाले पर स्थापित की जा रही मूर्तियां

### संपत्ति स्वामियों का सवाल- क्या कोई चर्च या गुरुद्वारा नाली पर बनता है? आस्था है तो मंदिर अपने घर ले जाएं; अधिकारियों पर बिना परामर्श फैसले लेने का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में स्मार्ट सिटी के तहत विकास कार्य जारी हैं, लेकिन व्यावसायिक क्षेत्रों में मुख्य मार्गों और नालियों पर अतिक्रमण कर बनाए गए छोटे मंदिर अब न केवल विकास में बाधा बन रहे हैं, बल्कि असामाजिक तत्वों का अड्डा भी बन चुके हैं। स्थानीय नागरिक अरविंद मैदेवाला और अन्य व्यावसायिक संपत्ति स्वामियों ने स्पष्ट किया है कि यह निर्माण मंदिर की परिभाषा की श्रेणी में भी नहीं आते और प्रशासन से इन्हें तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करने का निवेदन किया है।

इस पूरे मामले में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि प्रशासन उन लोगों से बातचीत कर रहा है जिनका इस विवादित जगह या संपत्ति से कोई लेना-देना नहीं है। अरविंद मेदेवाला ने आरोप लगाया है कि उन्हें या अन्य प्रभावित रहवासियों को कलेक्टर, महापौर, निगमायुक्त या संभाग आयुक्त किसी के भी द्वारा विचार-विमर्श या परामर्श के लिए नहीं बुलाया गया। प्रशासन बाहरी लोगों की राय ले रहा है, जबकि प्रभावित संपत्ति स्वामियों को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया है। वर्क फ्रॉम होम करने वाले या घर में रहने वाले स्थानीय लोगों को दिन भर होने वाले साउंड पॉल्यूशन तथा वहां लगने वाले जमावड़े से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संपत्ति स्वामियों का कहना है कि कमर्शियल एरिया की 70-80 फीट चौड़ी मुख्य सड़कों पर संपत्तियां व्यावसायिक उपयोग के लिए होती हैं। लेकिन, नाले पर मंदिर के नाम पर किए गए इन अतिक्रमणों के कारण 40 वर्षों से बंद पड़ी व्यावसायिक संपत्तियों का भारी नुकसान हो रहा है। इन जगहों पर दिन भर नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे व्यावसायिक माहौल और सुरक्षा दोनों खतरे में हैं। अरविंद मैदेवाला ने बताया कि वर्ष 2000 में उनकी संपत्ति में बैंक ऑफ बड़ौदा किराए पर संचालित होती थी। लेकिन मंदिर के नाम पर हुए अतिक्रमण के कारण बैंक को हमेशा ह्वरेकीह्न (त्मबबम) होने का डर सताता था। वहां दिनभर लोगों का जमावड़ा लगा रहता था, जिससे यह पहचानना मुश्किल होता था कि कौन पैसे लेकर आ-जा रहा है और कौन वहां खड़े होकर ग्राहकों की रेकी कर रहा है। इसी असुरक्षा, ग्राहकों के पैसे छिनने और चोरी-चकारी की आशंकाओं के कारण बैंक को वह जगह छोड़नी पड़ी। पब्लिक डोमेन में यह बात स्पष्ट है कि एक समय इस रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा के अलावा सेंट्रल बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया जैसी चार प्रमुख बैंकें संचालित होती थीं, लेकिन सुरक्षा अभाव में अब वे वहां नहीं हैं।

नागरिकों ने खुलासा किया है कि इन मंदिरों के निर्माण के पीछे कोई आस्था नहीं है, बल्कि मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक स्वार्थ और दुकानें निकालना है। उदाहरण के लिए, जो खड़े हनुमान की मूर्ति स्थापित की गई है, उसे पहले पुरानी फायर ब्रिगेड से यहाँ लाया गया था, ताकि सड़क पर तीन दुकानें निकाली जा सकें। बार-बार स्थान बदलने के कारण इन्हें ह्वघुमक्कड़ हनुमानह्न भी कहा जाने लगा। इसके आगे एक गणेश मूर्ति भी पुराने नोट का व्यापार करने वालों और कुछ अन्य लोगों द्वारा अतिक्रमण करने के उद्देश्य से सड़क पर स्थापित की गई थी। इसी तरह, किराने की दुकानों को अपना सामान बेचने के लिए जगह की आवश्यकता थी, इसलिए उन्होंने अतिक्रमण कर उसे मंदिर का रूप दे दिया।

### भारत भारती के अध्यक्ष डॉ. हरीशकुमार सिंह, डॉ. पांखुरी वक्त बनीं सचिव

**उज्जैन।** राष्ट्रीय एकात्मकता को समर्पित संगठन 'भारत भारती' की उज्जैन इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इसमें डॉ. हरीशकुमार सिंह को अध्यक्ष और डॉ. पांखुरी वक्त को सचिव नियुक्त किया गया है। भारत भारती मध्यप्रदेश की संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर ने बताया कि उज्जैन इकाई के संरक्षक की जिम्मेदारी शिक्षाविद दिवाकर नातू को सौंपी गई है। संस्था के मार्गदर्शक मंडल में डॉ. नागेश्वर राव, डॉ. हरिमोहन बुधौलिया, एम.के. जैन और मुकेश जोशी शामिल किए गए हैं। नई कार्यकारिणी में शैलेश लेले, डॉ. संगीता पाटकर और चंद्रकांत नामजोशी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। शशांक दुबे संगठन मंत्री, डॉ. नंदिनी सक्सेना व संगीता तल्लेरा सहसचिव और सुभाष पाठक कोषाध्यक्ष होंगे। रणजीत कालरा को संगठन विस्तार प्रमुख, संजय त्रिवेदी को नवाचार रणनीति प्रमुख और शैलेंद्र पांडे को विचार एवं संस्कृति प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। महिला प्रकोष्ठ एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रमुख डॉ. अनामिका सोनी होंगी। डॉ. तपस्या ठाकुर को कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. अभिलाषा शर्मा को सहकार्यक्रम प्रबंधक और रेखा अडसुले को कार्यक्रम समन्वयक नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय पत्राले ने कहा कि हमारी संस्कृति एक है, लेकिन समाज में यह विविध स्वरूपों में परिलक्षित होती है।

# जनसमस्याओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ मालव रक्षा अनुष्ठान का मोर्चा

### आगर मालवा में 500 करोड़ की जमीन पर अतिक्रमण, नागदा मामले और पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने के विरोध में होगा प्रदर्शन; मांगें नहीं मानी तो गंगा दशहरा से आमरण अनशन की चेतावनी

### गंगा दशहरा से होगा आमरण अनशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जनसमस्याओं की अनदेखी और विभिन्न मामलों में प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ मालव रक्षा अनुष्ठान ने मोर्चा खोल दिया है। पूर्व में दिए गए सूचना पत्रों पर कोई कार्रवाई नहीं होने के विरोध में 27 अप्रैल 2026 को उज्जैन संभाग आयुक्त कार्यालय के समक्ष दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक एक सांकेतिक सत्याग्रह किया जाएगा।

मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक और अधिवक्ता सत्यनारायण पुरोहित आचार्य सत्यम् ने बताया कि 16 मार्च 2026 को जनसमस्याओं को लेकर आमरण अनशन और 10 अप्रैल 2026 को नागदा में एसएआर के संबंध में हुई दंडात्मक कार्रवाइयों को लेकर प्रशासन को सूचना पत्र दिए गए थे। इन पर शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है, जिसके चलते यह कदम उठाया जा रहा है।

सत्याग्रह के प्रमुख मुद्दे और आरोपः

नागदा मामलाः पर्यावरण तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान नागदा में पूर्व पार्षद और सत्याग्रहियों का प्रशासन द्वारा दमन किया जा रहा है।

अवैध कब्जा और अतिक्रमणः भानपुरा तहसीलदार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का खुला उल्लंघन करते हुए जमीन का अवैध रूप से कब्जा दिया जा रहा है। वहीं, आगर मालवा में 500 करोड़ रुपये से अधिक की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को शासन और प्रशासन का खुला संरक्षण प्राप्त है।

धोखाधड़ी और पुलिस निष्क्रियताः उज्जैन जिले के ग्राम बामोरा में गिर गायों की गौशाला का संचालन करने वाले कृष्णा यादव के साथ शासकीय योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। मालव रक्षा अनुष्ठान और मंडल अभिभाषक संघ उज्जैन द्वारा लगातार कार्रवाई की मांग के बावजूद पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है।

जान से मारने की धमकीः आपराधिक रिकॉर्ड वाले सत्यनारायण पुरोहित के भतीजे त्रिलोक पुरोहित द्वारा जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं, जिस पर भी पुलिस प्रशासन मौन है।

आचार्य सत्यम् ने चेतावनी दी है कि यदि इन सभी समस्याओं का त्वरित और सार्थक समाधान नहीं किया गया, तो पर्यावरण और नदियों के संरक्षण सहित अन्य मुद्दों को लेकर निरंतर जनजागरण किया जाएगा। इसके बाद मई माह में गंगा दशहरा के अवसर पर मोक्षदायिनी शिप्रा के किनारे उज्जियनी में समस्त जल समस्याओं और जनसमस्याओं के समाधान के लिए आमरण अनशन शुरू किया जाएगा, जिसके लिए शासन और प्रशासन पूर्ण रूप से बाध्य और जिम्मेदार होंगे।

## खबर एक नजर...

### पांच दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का समापन

**उज्जैन।** क्षीर सागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल के पांच दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। यह शिविर 20 से 24 अप्रैल तक सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया गया। वैद्य जायसवाल ने नाड़ी परीक्षण कर मरीजों के बिना बताए ही उनके रोगों की सटीक पहचान की और विशुद्ध जड़ी-बूटियों के माध्यम से उपचार प्रदान किया। शिविर में मिर्गी, माइग्रेन, दमा, बवासीर, कैंसर, लकवा, गठिया, गुप्त रोग, पीलिया, हृदय रोग और हाथी पांव जैसी कई गंभीर बीमारियों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

इस शिविर में उपचार कराने वाले मरीजों को कई चमत्कारिक परिणाम देखने को मिले। उज्जैन के निजातपुरा निवासी 73 वर्षीय विमल कुमार अग्रवाल, जो डेढ़ साल पहले पहली मंजिल से गिरने के कारण मानसिक संतुलन खो बैठे थे और चिड़चिड़े होकर जोर-जोर से चिल्लाने लगे थे; उनके बेटे रवि अग्रवाल ने बताया कि वैद्य जी की दवाओं से मात्र 15 दिन में उनके पिता का चिल्लाना बंद हो गया, वे शांत हो गए.

# वल्लभनगर में सड़क और गार्डन बदहाल, टेंडर के 2 साल बाद भी नहीं बनी सड़क

## सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत वापस लेने का बन रहा दबाव

### वल्लभनगर परिवार समिति ने दी प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर के वार्ड 43 स्थित वल्लभनगर में जर्जर सड़कों और उद्यानों की दुर्दशा को लेकर स्थानीय रहवासियों में भारी आक्रोश है। सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद नगर निगम की टीम दो बार मौके पर जरूर पहुंची, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार कार्य अब भी अधूरा है। रहवासियों का आरोप है कि समस्या सुलझाने के बजाय संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

क्षेत्रीय नागरिकों के अनुसार उद्यानों की हालत खस्ता है। अब तक न तो रंग-रोगन किया गया है और न ही क्यारियों का समतलीकरण हुआ है। उबड़-खाबड़ मिट्टी और कचरे का ढेर अब भी मौजूद है। इसके अलावा गार्डन की दीवारों के आसपास अतिक्रमण होने से क्षेत्र की सुंदरता लगातार प्रभावित हो रही है।

क्षेत्र की सड़कों की स्थिति भी अत्यंत खराब है। रहवासियों ने बताया कि सड़कों के निर्माण का टेंडर एक-दो वर्ष पूर्व ही स्वीकृत हो चुका है। इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो सका है, जिससे नागरिकों को रोजाना आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लंबित समस्याओं और अधिकारियों के रवैये से नाराज होकर वल्लभनगर परिवार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनिल धवन, गणेश रायकवार, मंगल बामनिया, माहेश्वरी, अनुज दुबे, विजय दयाल, राजावत और राजकुमार कटिहार सहित कई नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने एकमत से निर्णय लिया कि इन समस्याओं को अब उच्च स्तर तक उठाया जाएगा।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। रहवासियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक गार्डनों का पूर्ण विकास, अतिक्रमण हटाने और सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं होता, तब तक वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। यदि आवश्यकता पड़ी तो वे सामूहिक रूप से आगे आकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।

## चमनकुटी आश्रम में 1 से 5 मई तक धार्मिक आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चिन्तामण जवासिया स्थित चमनकुटी आश्रम में 1 मई से 5 मई 2026 तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आश्रम समिति ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।समाजसेवी सजन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि परमपूज्य ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 चमन गिरी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हवन एवं महंत चादर विधि का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान साधु-संतों का आगमन रहेगा। कार्यक्रम की शुरूआत 1 मई को प्रातः 5 बजे श्री खेड़ापति सरकार के विशेष पूजन एवं चोला श्रृंगार से होगी। शाम को सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। 1 से 5 मई तक प्रतिदिन शाम को भजन संध्या आयोजित होगी। 5 मई को मुख्य कार्यक्रम के साथ आयोजन का समापन होगा, जिसमें हवन, चादर विधि और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आश्रम समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## उज्जैन की लावण्या नेशनल टेलेंट सीरीज लॉन टेनिस प्रतियोगिता की चैंपियन बनी

**उज्जैन।** आल इंडिया टेनिस एसोशिएशन के द्वारा मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से इंदौर टेनिस क्लब में राष्ट्रीय स्तर की नेशनल टेलेंट सीरीज की लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में उज्जैन की लावण्या शर्मा चैंपियन बनी। उज्जैन मध्यप्रदेश की लावण्या ने फाइनल में अपनी प्रतिद्वन्दी गुजरात की आरना खत्री को सीधे सेटों में 6-1 व 6-3 से सरलता से मात देकर प्रतियोगिता में कन्या वर्ग में चैम्पियनशिप जीती।

# किसानों को 4 गुना मुआवजा, तो सड़क चौड़ीकरण में उजड़े शहरवासियों को क्यों नहीं?- रवि राय

### विकास के नाम पर छिने आशियाने और रोजगार, नकद मुआवजे के बिना खंडहर बन रहे मकान

### रवि राय ने निगम के अव्यवहारिक 'एफएआर' नियमों की खोली पोल

### किसानों को 13 साल बाद मिला उनका अटका हुआ हक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं में अधिग्रहित भूमि के एवज में किसानों को बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा देने के फैसले पर भाजपा जश्न मना रही है। इस फैसले का स्वागत करते हुए नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने शहर के उन आम नागरिकों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है, जिनके मकान और दुकानें सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ गए। रवि राय ने विकास के नाम पर शहरवासियों के साथ हो रहे दोहरे रवैये पर तीखे सवाल दागते हुए नकद मुआवजे की पुरजोर मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने स्पष्ट किया कि भूमि अधिग्रहण पर किसानों को चार गुना मुआवजा देने का कानून यूपीए सरकार के दौरान वर्ष 2013 में ही लागू कर दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 13 वर्षों तक प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस कानून को दबाए रखा और औने-पौने दामों पर किसानों की हजारों बीघा जमीनें अधिग्रहित कर उनका शोषण किया। अब भारी विरोध के बाद सरकार इस प्रावधान को मानने पर मजबूर हुई है, जिसे वह अपनी उपलब्धि बता रही है।

रवि राय ने शहर की पीड़ा को स्वर देते हुए कहा कि विकास के नाम पर लोगों के 70 साल पुराने मकान और पीढ़ियों की जमीनें ली जा रही हैं। इससे सैकड़ों परिवारों का काम-धंधा पूरी तरह ठप हो गया है। नगर निगम अधिनियम में स्पष्ट रूप से मुआवजे का प्रावधान है, लेकिन इसके बावजूद निगम प्रभावितों को अपना टूटा हुआ मकान सुधारने के लिए एक रुपये की भी नकद सहायता नहीं दे रहा है।

मुआवजे के अभाव में शहर का स्वरूप बिगड़ने पर चिंता जताते हुए राय ने कहा कि लोग पैसों के अभाव में अपने टूटे हुए मकानों की मरम्मत नहीं करा पा रहे हैं। नतीजा यह है कि नई और चौड़ी सड़कों के किनारे खड़े ये आधे-अधूरे मकान अब खंडहर की तरह नजर आते हैं। यदि नगर निगम इन प्रभावित परिवारों को रिपेयरिंग के लिए नकद मुआवजा राशि प्रदान करे, तो वे अपने मकान व्यवस्थित कर सकेंगे, जिससे न केवल उन्हें राहत मिलेगी बल्कि शहर का सौंदर्य भी निखरेगा।

नगर निगम द्वारा नकद मुआवजे के विकल्प के तौर पर दिए जा रहे 'एफएआर' (फ्लोर एरिया रेशियो) को रवि राय ने पूरी तरह अव्यवहारिक और छलावा बताया है। उन्होंने तर्क दिया कि एक आम आदमी अपने टूटे हुए दो या तीन मंजिला मकान की जगह छह मंजिला इमारत कैसे बना सकता है? उसके पास लिफ्ट लगाने और इतना भारी निर्माण करने का पैसा कहां से आएगा?

इसके साथ ही, एफएआर ट्रांसफर करने के नियम भी उज्जैन में पूरी तरह बेअसर हैं। रवि राय ने बताया कि उन मार्गों को उत्पादन क्षेत्र घोषित ही नहीं किया गया है, जहां इस एफएआर को ट्रांसफर कर नागरिक इसका कोई वास्तविक लाभ ले सकें। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने मध्य प्रदेश शासन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है।

# नारी शक्ति वंदन महोत्सव आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की डॉ. आम्बेडकर पीठ व कृपा सोशल वेलफेयर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नारी शक्ति वंदन महोत्सव आयोजित किया गया।

हरसोदनके ग्राम जम्बूरा में नौ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी रही। जन अभियान परिषद घट्टिया विकासखंड की की मेंटोर सुश्री रचना शर्मा ने महिलाओं के कानूनी अधिकार की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून हमारी ढाल है। जो हमें घर के अंदर-बाहर दोनों ओर से मजबूत बनाते हैं। आवश्यकता है तो बस उन्हें जानने की, समझने की और अमल में लाने की। कानून डर नहीं ताकत है। घरेलू हिंसा अधिनियम, हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम-२०१३, दहेज निषेध अधिनियम की जानकारी दी। साथ ही सभी हेल्प लाइन नम्बर की भी जानकारी दी। 1091 घरेलू हिंसा अधिनियम छेड़छाड़, दहेज 112/100, पुलिस सहायता 181, कानूनी सलाह, बाल विवाह रोकना, आईपीसी 354/376, 15100 वकील मुफ्त कानूनी सलाह की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं ने संकल्प लिया- हम जुल्म नहीं सहेंगे 1091 पर कॉल करेंगे, हम समस्त बहनें कानूनी अधिकार, कर्त्तव्य साझा करेंगे और सशक्त बनेंगे। जम्बूरा की दो सशक्त महिलाओं श्रीमती पार्वती विश्वकर्मा, जो ग्राम संगठन की अध्यक्ष हैं और श्रीमती मानोबाई गणपत की कार्यनिष्ठा, समर्पण, परिश्रम के लिए उन्हें नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। हरसोदन के ग्राम उमरिया में ६ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता की विस्तृत जानकारी सेबी की मास्टर ट्रेनर श्रीमती रिजवाना खान ने महिलाओं को बताया कि हिसाब अपना, पैसा अपना, फैसला अपना।

# देवास रोड स्थित तरणताल सुबह 6 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा

### महिला, पुरुष और परिवार के लिए अलग समय स्लॉट..नगर निगम ने सुविधाओं और नियमों के साथ शुरू किया संचालन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



देवास रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधुनिक स्विमिंग पूल (तरणताल) शहर के तैराक प्रेमियों के लिए शुरू कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा तैराकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग शिफ्ट एवं शुल्क का निर्धारण किया गया है।

निगम के अनुसार, 18 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों के लिए मासिक शुल्क 2000 रुपए और साप्ताहिक शुल्क 600 रुपए निर्धारित किया गया है, वहीं 3 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए मासिक शुल्क 1500 रुपए एवं साप्ताहिक शुल्क 400 रुपए रखा गया है। तरणताल का संचालन नगर निगम के अधीन रहेगा और निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी के रूप में जितेंद्र पाल सिंह जादौन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तरणताल का संचालन प्रत्येक सोमवार को बंद रहेगा। हर शिफ्ट 1 घंटे की होगी, जिसमें 45 मिनट तैराकी के लिए निर्धारित रहेंगे। संचालन समय प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक रहेगा।

## खबर एक नजर...

### कृति की साधारण सभा व नवीन कार्य कारिणी चुनाव 26 को

नीमच। जिले की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति की साधारण सभा व नवीन कार्यकारिणी के चुनाव आज 26 अप्रैल को होंगे। संस्था कृति के अध्यक्ष डॉ अक्षय राजपुरोहित, सचिव कमलेश जायसवाल व प्रचार सचिव एडवोकेट कृष्णा शर्मा ने बताया कि संस्था की साधारण सभा 26 अप्रैल रविवार सुबह 11 बजे रेलवे स्टेशन रोड स्थित जाजू जी की बगीची में होगी। शुरूआत में कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल आय व्यय का विवरण देंगे। सचिव कमलेश जायसवाल वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे, जिसके अनुमोदन के उपरांत वर्तमान अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा करेंगे। इस प्रक्रिया के बाद चुनाव अधिकारी श्री कैलाश बाहेती की मौजूदगी में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होगी।, जिसमें कृति के नवीन कार्यकारिणी का चुनाव होगा।

### बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर के मध्य वन वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नीमच। यात्रियों की सुविधा एवं ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए तथा सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा रतलाम मंडल से बान्द्रा टर्मिनस से गोरखपुर के मध्य एक एक फेरा वन वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गाड़ी संख्या 09157 बान्द्रा टर्मिनस गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल 26 अप्रैल रविवार को 00.30 बजे बान्द्रा टर्मिनस से चलेगी तथा 27 अप्रैल को 18.15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम आगमन 26 अप्रैल 2025 रविवार को प्रातः 10.22 बजे एवं प्रस्थान 10.32 बजे होगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापामार कार्यवाही कर अलग-अलग कम्पनी के घी के पैकेट जब्त किये

### मुंबई व गुजरात से इंदौर के जरिए रतलाम आया; 70 हजार का 90 किलो जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार दोपहर मोहन नगर स्थित जय मां दूधेश्वरी एजेंसी पर छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान दुकान के अंदर अलग-अलग कंपनियों के घी के छोटे-बड़े पैकेट बड़ी मात्रा में पाए गए। इनमें डीएफ गोल्ड, श्री मूल, गौ संत और मोती सागर नाम के प्रोडक्ट शामिल हैं।

दुकान में 20-20 रुपए के देशी घी के पाउच भी मिले। विभाग को आशंका है कि 'डीएफ गोल्डइ नाम से बेचा जा रहा घी नकली हो सकता है और इसे सस्ते दाम पर बाजार में खपाया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेष गुप्ता ने टीम के साथ मौके पर जांच कर घी के कुल 7 सैंपल लिए। इन्हें जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार, लैब रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल एजेंसी संचालक गोपाल व्यास से भी पूछताछ की गई है। दुकान में करीब 80 से 90 किलो घी मिला है। जिसकी कीमत लगभग 60 से 70 हजार रुपए है। घी अलग-अलग निमार्ता कंपनी का है। दुकान संचालक गोपाल व्यास का कहना था कि डीलर के जरिए हम इंदौर से घी खरीदते है। सभी के जीएसटी वाले बिल है। शहर की दुकानों पर सेल करते है। 7 से 8 माह से घी मंगवा रहे है।

विभाग को डीएफ गोल्ड निमार्ता कंपनी के घी पर शक है, क्योंकि पूर्व में शहर में हुई कार्रवाई के दौरान डीएफ गोल्ड नाम से घी मिल चुका है। राज्य प्रयोग शाला भी इस घी को अमनाक घोषित कर चुकी है। खाद सुरक्षा अधिकारी शैलेष गुप्ता के अनुसार नकली घी की आशंका में ७ सैंपल लिए है। जिन्हें राज्य प्रयोग शाला भोपाल भेजे जाएंगे। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित दुकान संचालक व निमार्ता कंपनियों को भी नोटिस देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जितना घी मिला है उसे दुकान में सीज कर रहे हैं।

# वैष्णव अखाड़ों की पेशवाई के लिए बनेगा वैकल्पिक मार्ग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 महापर्व की तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रामेश्वरदास महाराज के साथ वैष्णव अखाड़ों की पेशवाई मार्ग का निरीक्षण किया। सिंहस्थ के दौरान वैष्णव अखाड़ों की पेशवाई खाक चौक से शुरू होकर रामघाट तक पहुंचती है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्री मंगलनाथ मंदिर मार्ग, निकास चौराहा, सतीगेट, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और कहारवाड़ी होते हुए पूरे मार्ग का जायजा लिया। सिंहस्थ 2028 को विश्वस्तरीय आयोजन बनाने की तैयारी है। अनुमान है कि इस महापर्व में देश-विदेश से 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अभी से व्यवस्थाएं मजबूत कर रहा है। संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि इस बार संभावित भारी भीड़ को देखते हुए पेशवाई के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तय किया जाए। ताकि श्रद्धालुओं की अधिक संख्या होने पर क्राउड मैनेजमेंट में परेशानी न हो। वैष्णव अखाड़ों के शिविर मंगलनाथ मंदिर क्षेत्र में लगाए जाएंगे। प्रमुख स्नान के दौरान संत-महंत पेशवाई के रूप में रामघाट पहुंचकर शिप्रा नदी में स्नान करेंगे।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजु नागदा मोडी की नियुक्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिले के भारतीय जनता पार्टी के जावद क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ता राजू नागदा मोदी को भाजपा किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गयाद्य प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल की सहमति से मध्यप्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने जावद विधानसभा क्षेत्र 230 के छोटे से ग्राम मोडी निवासी राजु नागदा मोडी को नीमच जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त हो गया है। जावद भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं सहित सुरेश जगत के मित्रों ने भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्ति की है सहित जावद भाजपा के युवाजनों ने नवनियुक्त किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजु नागदा मोडी को फोन लगाकर जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। भाजपा कार्यकताओं ने कहा की राजु भई के साथ २ दशक वर्षों पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष काम करने का मौका मिला था। उस वक्त राजु नागदा मोडी, कांग्रेस शासन से डरे नही डटकर सामना

### आर्य समाज में आज आचार्य शंकर विद्या वाचस्पति देंगे प्रवचन

मंदसौर। आर्य समाज मंदसौर में आज 26 अप्रैल, रविवार को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान आचार्य शंकर विद्यावाचस्पति के प्रवचनों का आयोजन होगा। आर्य समाज के प्रधान मधुसूदन आर्य ने बताया कि उदयपुर से पधार रहे वेदाचार्य व्याकरणाचार्य आचार्य शंकर विद्यावाचस्पति सुबह 9 से 10 बजे तक आयोजित होने वाले विशेष यज्ञ में सम्मिलित होंगे, जिसके पश्चात 10 से 11 बजे तक उनके प्रवचन होंगे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# खाद्य औषधि प्रशासन टीम द्वारा 3 फर्मो का आकस्मिक निरीक्षण



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश के मार्गदर्शन में खाद्य एवं प्रशासन नीमच की टीम ने नीमच शहर में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आकस्मिक निरीक्षण कर, जांच के नमूने लिए तथा सुधार सूचना पत्र जारी किए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू सोलंकी व टीम द्वारा फर्म आशीर्वाद इंटरप्राइजेज कंचन नगर नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर, पेकिंग हो रहे खाद्य पदार्थ नीमच गोल्ड रिफाइंड सोयाबीन तेल एवं टैंकर से रिफाइंड सोयाबीन तेल,के २ नमूने लिए गए एवं मौके पर पर्याप्त साफ, सफाई नहीं होने, आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अधिनियम की धारा ३२ के तहत नोटिस जारी किया गया है। फर्म गोयल सेल्स कार्पोरेशन बंगला नंबर 59 नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय एवं पेकिंग हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया। फर्म होटल श्री गणेश रतन महाराज का ढाबा नीमच का आकस्मिक निरीक्षण टीम ने किया। मौके पर खाद्य पदार्थ का निर्माण होते पाया गया एवं खाद्य विक्रय ग्राहकों को किया जा रहा था।

परिसर में बैठक व्यवस्थाओं पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा खाद्य पदार्थ को विक्रय कर, परोसा जा रहा था। मौके पर टीम द्वारा खाद्य पंजीयन लाइसेंस बाबत जानकारी चाही गई, जिस पर मौजूद फर्म संचालक श्री रतन शर्मा ने खाद्य पंजीयन अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं की एवं बिना खाद्य पंजीयन अनुज्ञप्ति के फर्म पर खाद्य पदार्थ का निर्माण विक्रय भंडारण आदि होना पाया गया, जो खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन होने से फर्म होटल श्री गणेश रतन महाराज का ढाबा पर तत्काल खाद्य निर्माण क्रय विक्रय खाद्य पंजीयन अनुज्ञप्ति प्राप्त करने तक बंद कराया गया। टीम ने मौके पर विक्रय हेतु भंडारीत खाद्य पदार्थ पनीर, दही, रबडी, नमकीन छाछ के कुल 4 नमूने मानक स्तर की जांच हेतु लिए गए। मौके पर कार्यरत कर्मचारियों मेडिकल प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। इसी तरह टीम द्वारा 22 अप्रैल को दो फर्मो का आकस्मिक निरीक्षण कर नमूने लिए। फर्म कृष्णा फैमिली रेस्टोरेंट डूंगलवादा का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हेतु मंडारित खाद्य पदार्थ पनीर, दही, छाछ समस्त खाद्य कार्यकताओं को मौके पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 एवं नियमों का पालन करने के निर्देश दिए।

### 32 लाख की लागत से बनेगी सीमेंट कांक्रीट सड़क-महापौर

रतलाम। वार्ड क्रमांक 8 व 6 नयागांव बाणेश्वर कॉलोनी में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, क्षेत्रिय पार्षद द्वय पप्पू पुरोहित व शक्तिसिंह राठौर तथा क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

## रॉयल कॉलेज में वरिष्ठ आईएएस राहुल जैन ने

# विद्यार्थियों को दिए सफलता के मूल मंत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज मे विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में राहुल जैन आईएएस, संयुक्त सचिव, वित्त आयोग, भारत सरकार ने रोजगार, स्वरोजगार, एवं आध्यात्म विषय पर विद्यार्थियों से संवाद किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन प्रमोद गुगालिया ने की। श्री गुगालिया ने मुख्य अतिथि राहुल जैन का परिचय देते हुए बताया कि राहुल जैन 2005 बैच (म.प्र. कैडर) के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी है, वह मध्यप्रदेश के ग्वालियर, रीवा, नर्मदापुरम जिलों के कलेक्टर और ड्डहष्टक में निदेशक के रूप पदस्थ रहे है। वह द्रुस्ट के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट भी है, और वर्तमान में भारत सरकार के वित्त आयोग में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थ हैं।

राहुल जैन ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए रोजगार, स्वरोजगार एवं आध्यात्म विषय पर अपने विचार साझा किये, उन्होंने शासन की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, कॉरपोरेट मित्र पोर्टल, द्वत्रह्वस्न क्कद्यड्डह्लक्रशह्द जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इनका लाभ लेने का आव्हान किया।

श्री जैन ने बताया कि विद्यार्थियों में कौशल विकास का महत्व आज के दौर में अकादमिक डिग्री से कही अधिक बढ़ गया है, विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त उद्योग जगत की मांगों को पूरा करने के लिये अपनी योग्यता का विस्तार करना चाहिये। उन्होंने कहा कि, मेहनत और निरन्तर प्रयास का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने डिजिटल अनुशासन एवं इंटरनेट के सदुप्रयोग पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिये करे, न कि समय काटने के लिये।

श्री जैन ने कहा कि, अर्थव्यवस्था और संस्कार हमारी असली पूंजी है, परिवार, समाज और संस्कार मिलकर ही हमारे व्यक्तित्व को आध्यात्मिक और मजबूत बनाते है। यही हमारी सबसे बड़ी बहुमूल्य संपत्ति है, जिसे आधुनिकता की दौड़ में हमें कभी नहीं खोना है। कार्यक्रम में समाजसेवी ओमजी अग्रवाल, मांगीलाल जैन, अजय बाकीवाला और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनीष सोनी, डॉ कल्पना पाटीदार, डॉ अमित शर्मा, प्रो कपिल कैरोल, प्रो दीपिका कुमावत, डॉ संदीप सिद्ध, प्रो समीक्षा मेहरा, प्रो ज्योत्सना सोलंकी, प्रो मृदुला उपाध्याय सहित अन्य स्टाफगण उपस्थिति रहे। संचालन बीएड प्राचार्य डॉ आर.के. अरोरा ने किया एवं आभार प्राचार्य डॉ प्रवीण मंत्री ने व्यक्त किया।

## खबर एक नज़र...

### म.प्र. न.पा. कर्मचारी संघ में नगर परिषद-पुनासा में इकाई का हुआ गठन

**खंडवा।** प्रदेश अध्यक्ष-सुरेन्द्रसिंह सोलंकी (म.प्र. नगरनिगम, नगरपालिका कर्मचारी संघ), मुख्य नगरपालिका अधिकारी-राजकुमार ठाकुर, लेखापाल मो.शाहीन खान, अमित नामदेव (सहा. वर्ग ३) की उपस्थिति में नगर परिषद पुनासा में इकाई का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मिति से अखिलेश मंडलोई-इकाई अध्यक्ष निर्वाचित हुये तथा उपाध्यक्ष विशाल गुर्जर, महामंत्री बलराम यादव, सचिव कैलाश सावनेर, विकास पाटीदार, संगठन सचिव सुनील सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद लोवंशी सहित गजेंद्र, अरुण, आशीष, विकास, सुनीता, देवेंद्र, गोपाल, राजेंद्र, भगवान व अन्य कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए।नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर निकाय के सभी वर्गों के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी गई।

### मुंदी-पुनासा मार्ग पर पलटा राखड से भरा डम्पर, कोई जनहानि नहीं

खंडवा/मुंदी। मुंदी-पुनासा मार्ग पर गोंडखेड़ा के समीप वन क्षेत्र में गुरुवार की रात्रि संत सिंगाजी ताप परियोजना की राखड से भरा डंपर पलट गया बताया जाता है कि घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई। लेकिन आवागमन प्रभावित हुआ।वही मुख्य मार्ग पर बड़ी मात्रा में राखड़ फैली होने के कारण दिन में इस मार्ग से आवागमन करने वाले दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### जिला अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**बुरहानपुर.** शुक्रवार को कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता एवं अस्पताल परिसर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर हर्ष सिंह ने निर्देश दिए कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं आवश्यक दवाइयां समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए शीतल पेयजल एवं समुचित प्रतीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर हर्ष सिंह ने अस्पताल की मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए फिजियोथैरेपी कक्ष को सुदृढ़ करने, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, गद्दे, बेड, मच्छरदानी एवं अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, नए वार्डों को शीघ्र प्रारंभ करने तथा स्टाफ की उपस्थिति एवं ड्यूटी टाइमिंग की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए एवं मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई, जिसमें कम्प्यूटर एवं प्रिंटर क्रय, सड़क निर्माण, चैनल गेट स्थापना, इम्प्लांट क्रय, गद्दों की व्यवस्था तथा 5 बेड के आईसीयू की स्वीकृति शामिल है। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, सीएमएचओ आर.के.वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

### सैनफोर्ड वेयरहाउस उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन कार्य सुचारू

**रतलाम।** जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ने बताया कि जिले में सभी उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का काम कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में सुचारू रूप से चल रहा है ।

# केंद्रीय विद्यालय में कक्षा-1 का प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया, नन्हे-मुन्नों का स्वागत गीत व नृत्य से किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर




नगर के केंद्रीय विद्यालय में आज कक्षा-1 का प्रवेश उत्सव मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों का आज विद्यालय में पहला दिन रहा, जिसे विद्यालय परिवार के प्राथमिक विभाग द्वारा यादगार बनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन मनीष सिंह ने किया और अत्यंत प्रसन्नता व उत्साह के साथ विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया। प्राचार्य रामावतार यादव ने बताया कि यह एक रोमांचक यात्रा है जिसे हम एक साथ शुरू करने जा रहे हैं, जो सीखने, विकास और अनंत संभावनाओं से भरी है। उन्होंने कहा कि चाहे यह कक्षा में पहला अनुभव हो या शैक्षिक यात्रा जारी हो, हम एक साथ इस समय का अधिकतम लाभ उठाएंगे।

प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने संगीत शिक्षिका रचना मरकाम के मार्गदर्शन में स्वागत गीत व सुंदर नृत्य से पहली कक्षा के बच्चों का जोरदार स्वागत किया। प्राचार्य यादव ने कहा कि हम बच्चों के भविष्य की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक मजबूत नींव रखेंगे। इंटरैक्टिव गतिविधियों में शामिल होंगे और एक सहायक और समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देंगे। हमारा उद्देश्य न केवल ज्ञान प्रदान करना है बल्कि विद्यार्थियों की जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच, कौशल और सीखने के प्रति प्रेम को विकसित करना भी है। कक्षा शिक्षक मनीष सिंह और सीनियर प्राथमिक शिक्षकों ने अभिभावकों को बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी भागीदारी और समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। बच्चों को जंक फूड/फास्ट फूड से दूर रखने के लिए भी प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाई वितरित कर निरंतर विद्यालय में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया गया। प्राथमिक

# मोरटक्का पुल पर ट्रक ने मारी एक्टिवा को टक्कर, बिजली कार्यालय के कर्मचारी की मौत

### हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर भागा, पुलिस ने ट्रक को किया जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

इंदौर-इच्छापुर हाईवे स्थित मोरटक्का पुल एक बार फिर खून से सन गया गया। शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में सनावद बिजली कंपनी के कार्यालय में पदस्थ एक 34 वर्षीय कर्मचारी की जान चली गई। अनियंत्रित आयशर वाहन ने एक्टिवा सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुराणा नगर (बड़वाह) निवासी मोहन सिंह चौहान (34) सनावद स्थित बिजली कंपनी कार्यालय में कार्यरत थे। शनिवार सुबह वे अपनी एक्टिवा से रोजाना की तरह ड्यूटी पर सनावद जा रहे थे। मोरटक्का पुल पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आयशर वाहन (क्रमांक एमपी-09-जीजी-6067) ने उनकी एक्टिवा को जबरदस्त टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि मोहन सिंह के हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों और एंबुलेंस की मदद से उन्हें तुरंत बड़वाह सिविल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल इंदौर रेफर कर दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश इंदौर ले जाते समय रास्ते में ही मोहन सिंह ने दम तोड़ दिया।हादसे के बाद आरोपी आयशर ड्राइवर अपना वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर

# आचार्य श्री विभव सागर महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश, घर-घर किया पाद प्रक्षालन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



तप, त्याग एवं संयम की नगरी सनावद में आचार्य श्री विभव सागर महामुनिराज ससंघ का खंडवा की ओर से भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि महाराष्ट्र के पुसेगाँव एवं भुसावल में पंचकल्याणक संपन्न कर इंदौर की ओर विहार कर रहे आचार्य श्री विभव सागर जी (9 पिच्छी) का नगर आगमन हुआ। समाजजनों ने ढकलगांव फाटा, खंडवा रोड पर पहुंचकर आचार्य संघ की आगवानी की।

आचार्य संघ ने नगर भ्रमण कर सभी जैन मंदिरों एवं गृह चैत्यालयों के दर्शन किए। इसके बाद श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पहुंचे जहां आचार्य श्री के सानिध्य में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक व शांतिधारा संपन्न हुई।

प्रवचन हॉल में आचार्य श्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुवे कहा की, ?जिस चीज का संयोग है, उसका नियम से वियोग है। चाहे पुण्य का संयोग हो या पाप का। मृत्यु के पूर्व आयु कर्म का बंध नियम से होता है।? उन्होंने आगे कहा, ?यह सनावद नगरी धर्म तीर्थ के समान है। यहां से राष्ट्र गौरव आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज सहित 18 त्यागी निकले हैं। ऐसी नगरी में प्रतिवर्ष साधु संतों का चातुर्मास होना चाहिए, जिससे धर्म की वृद्धि हो।इस अवसर पर आहार दान का सौभाग्य मुकेश कुमार जैन 'शुभम पेप्सी' एवं सावित्री बाई कैलाशचंद जटाले परिवार एवं संगस्त त्यागीयो को प्राप्त हुआ। दोपहर में तत्व चर्चा व स्वाध्याय कक्षा तथा शाम को आचार्य भक्ति, सामायिक व आरती संपन्न हुई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन

# खंडवा के इमलीपुरा क्षेत्र में नकली घी फैक्ट्री पर छापा, पशु चर्बी से बनाया जा रहा था घी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा



शहर के इमलीपुरा क्षेत्र स्थित बेगम पार्क के सामने एक गली में शुक्रवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित नकली घी बनाने वाले कारखाने पर छापा मारा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यहां पशुओं की चर्बी से घी तैयार किया जा रहा था, जिसे बाजार में खपाने की तैयारी थी।कार्रवाई के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में चर्बी से बना घी जप्त किया गया है।

टीम ने फैक्ट्री में रखे कच्चे माल, तैयार घी और उपकरणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन को आशंका है कि यह घी लंबे समय से बाजार में सप्लाई किया जा रहा था। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट बाजार बहादुर सिंह, निगम उपायुक्त एसआर सितोले मोघट, मोघट थाना टीआई धीरेश धारवाल सहित प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी मौजूद हैं। कार्रवाई अभी जारी है और पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग भी जांच करेगा और सैंपल लेकर लैब भेजे जाएंगे। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल, बड़वानी के हाईस्कूल विभाग का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने अभिभावकों बल्कि संस्था का भी नाम गौरवान्वित किया है।

# जनगणना हेतु अंतिम एवं अतिरिक्त बेच का प्रशिक्षण संपन्न

**बड़वानी।** डिजिटल जनगणना 2027 हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा जनगणना कार्य शुरू किया जाएगा।इस हेतु अंतिम अतिरिक्त बेच का प्रशिक्षण श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में शनिवार सम्पन्न हुआ।जिला फील्ड ट्रेनर श्याम वास्कले ने जानकारी दी कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सुचिकरण,स्वगणना की जाना है।द्वितीय चरण में परिवार के सदस्यों की जानकारी लेकर जनगणना शुरू की जाएगी।जिला फील्ड ट्रेनर श्याम वास्कले ने निष्ठा के साथ जनगणना करने हेतु उपस्थित जनों को शपथ दिलाई।।उन्होंने सभी से अपील की है कि किसी भी प्रकार के दस्तावेज या ओटीपी देने की आवश्यकता नहीं है।इस दौरान एसडीएम श्री रमेश सिसोदिया,तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी सुनील सिसोदिया उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं बेहतर करने के दिए निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर मे 24 अप्रैल शुक्रवार को कलेक्टर हर्ष सिंह जिला चिकित्सालय पहुंचे और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों और कक्षों का अवलोकन कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर सिंह ने सिकल सेल वार्ड, महिला वार्ड, गर्भवती महिला ओपीडी, प्रसूति प्रतीक्षालय, लू एवं डायरिया वार्ड और नवीन कक्षों सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई, उपलब्ध संसाधनों और चिकित्सा सेवाओं की स्थिति देखी।

निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वार्डों में स्वच्छता बनाए रखी जाए। साथ ही मरीजों को समय पर बेहतर उपचार और सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर हर्ष सिंह ने खुद मरीजों से संवाद किया और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं, उपचार व्यवस्था और स्टाफ के व्यवहार के बारे में फीडबैक लिया। मरीजों ने अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे कलेक्टर के सामने रखे।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, सीएमएचओ डॉ. आर.के. वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# हरियाणवी एक्ट्रेस की मौत पर सवाल



## दिव्यांका सिरोही के सिर में चोट लगी

### जल्दबाजी में बिना पोस्टमॉर्टम संस्कार, यूपी पुलिस बोली-हमें भी जानकारी नहीं दी







हरियाणवी एक्ट्रेस दिव्यांका सिरोही की 30 साल की उम्र अचानक हुई डेथ एक मिस्ट्री बन गई है। कलाकारों एवं उनसे जुड़े लोगों से बातचीत में सामने आया है कि दिव्यांका फिल्म व गानों में काम न मिलने को लेकर स्ट्रेस में रहती थी और फाइनेंशली प्रॉब्लम भी झेल रही थी।

इसके चलते दिव्यांका ने गुरुग्राम रहना छोड़ दिया था। कई दिनों से वह अपने घर गाजियाबाद में ही रहने लगी। वह घर पर ही अपने जानकारों से काम को लेकर बात करती रहती थी और करीब 15-20 दिन पहले अपने किसी निजी दोस्त से फाइनेंशली मदद भी मांगी थी। उनका सिरसा में लास्ट लाइव शो था। परिवार के अनुसार, दिव्यांका घर पर अपने कमरे में अकेली थी और हार्ट अटैक से जमीन पर गिरी। गिरने से सिर में अंदरूनी चोट लगने से मौत हो गई। मगर दिव्यांका का न पोस्टमॉर्टम करवाया गया और न ही कोई पुलिस सूचना दी गई। मंगलवार रात दिव्यांका की मौत के बाद बुधवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिवार ने कोई आरोप या शक भी नहीं जताया है। गाजियाबाद से मधुबन बापोधाम थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि दिव्यांका राजनगर एक्सटेंशन में परिवार के साथ रहती थी। परिवार की ओर से उनकी मौत की सूचना नहीं दी गई और न ही कोई शिकायत मिली है। अगर कोई कंप्लेंट आई तो कार्रवाई की जाएगी।

### रविंद्र बाजवान बोले- हमें तो विश्वास नहीं हो रहा

हरियाणवी फिल्म प्रोड्यूसर एवं जींद निवासी रविंद्र बाजवान ने बताया, यह दुखद समाचार है। सभी कलाकारों को दिव्यांका के चले जाने का दुख है और हर किसी को विश्वास तक नहीं हो रहा। दिव्यांका ने कई गानों में काम किया, उनमें कुछ गाने हिट भी हुए। पता चला है कि इन दिनों काम को लेकर स्ट्रेस में थी।

### भाई बोला- स्ट्रेस को लेकर दिव्यांका से कोई बात नहीं हुई

यूपी के गाजियाबाद में रह रहे एक्ट्रेस दिव्यांका के भाई दीपांशु ने बातचीत में बताया कि मंगलवार रात को दिव्यांका अपने कमरे में ही थी। उस दौरान घर पर दूसरा भाई हिमांशु ही था। दिव्यांका को पहले हार्ट अटैक आया है और फिर वह जमीन पर नीचे गिर गई। तब उसके सिर में अंदरूनी चोट लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। जब रात करीब 8 बजे हिमांशु वहां पर गया, तो वह बेहोश पड़ी थी। उसका शरीर मिट्टी हो चुका था, तो वे अस्पताल लेकर नहीं गए और जिससे पोस्टमार्टम नहीं करवाया। स्ट्रेस को लेकर बताया कि उनकी दिव्यांका से इस तरह की कोई बातचीत नहीं हुई थी और न ही उसने कभी काम को लेकर बताया। वे ना ही इस बारे में अधिक बातचीत करना नहीं चाहते और न ही किसी पर आरोप है।







### कलाकार बोले- हमें भी सूचना नहीं मिली, संस्कार में शामिल नहीं हो पाए

हरियाणवी कलाकार बिंदर दनौदा बोले- दिव्यांका की मौत की सूचना भी परिवार की ओर से किसी को नहीं दी गई। हर किसी को खबरें सोशल मीडिया के माध्यम से ही मिली है। रात को घटना के बाद सुबह ही अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। जहां हम भी नहीं पहुंच पाए। वहीं, गायक मासूम शर्मा ने भी वीडियो जारी कर दिव्यांका की मौत पर शोक जताया और कहा, दिव्यांका का अंतिम शो भी मेरे साथ सिरसा में ही में था।

### बिंदर दनौदा बोले- काम को लेकर स्ट्रेस में थीं

हरियाणवीं कलाकार बिंदर दनौदा ने बातचीत में बताया, उन्होंने दिव्यांका के साथ हाल ही में अंगद फिल्म पूरी की थी, जिसकी रिलीज डेट भी तय नहीं हुई। अब अचानक दिव्यांका की डेथ की सूचना मिली तो विश्वास भी नहीं हुआ। दिव्यांका अच्छी कलाकार थी और एक्टिंग को लेकर गंभीर थी। कई बार कलाकारों के लिए काम या फाइनेंस की दिक्कत आती ही है। दिव्यांका भी काम को लेकर स्ट्रेस में थी। फिल्म शूटिंग के दौरान बेहतर समय बीता और एक-दो बार काम व फाइनेंशली प्रॉब्लम को लेकर दिक्कत बताई थी। 15 दिन पहले किसी जानकार के साथ उसकी बात हुई थी।

### अंगद फिल्म की शूटिंग पूरी की थी

हालांकि, दिव्यांका ने हाल ही में हरियाणवी कलाकार बिंदर दनौदा के साथ अंगद फिल्म की शूटिंग पूरी की थी, जिसकी अभी रिलीज डेट तय नहीं हुई है। यह फिल्म जल्द ही आने वाली है। दिव्यांका ने बटेऊ हरियाणा तै, कंगन भोली के, बदमाशां का ब्याह, विलेन अगेन, 9 राउंड विलेन रहण दे जैसे कई गाने हिट दिए। पहला गाने विलेन के साथ हरियाणवी इंडस्ट्री में सफर शुरू किया था। बलम घाट ना कति 218के एवं हवाई फायर 580के जैसे गाने हिट नहीं हो पाए। दिव्यांका हरियाणवी कलाकार केडी, मासूम शर्मा, अमित सैनी रोहतकिया, बिंदर दिनौदा, खासा आला चाहर, हैरी लाठर व कई कलाकारों के साथ काम किया है। वे अपनी खूबसूरती के लिए चर्चित थी और इसी के चलते टिकटॉक के बाद सोशल मीडिया पर जल्द ही लोकप्रियता पा ली।



## सोनम कपूर ने शेयर की न्यू-बॉर्न बेबी की पहली तस्वीर

### बोलीं- जिंदगी एक सपने जैसी है, पति आनंद और बड़े बेटे वायु भी साथ दिखे

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने अपने दूसरे बेटे के जन्म के कुछ हफ्तों बाद सोशल मीडिया पर फोटोज का एक कलेक्शन शेयर किया है। इसमें उनके नए जन्में बेटे की तस्वीर भी शामिल है। इन तस्वीरों में सोनम ने अपने बढ़ते हुए परिवार की झलक दिखाई है, जिसे वह प्यार से 'माई थ्री' (मेरे तीन) कह रही हैं।



इसमें उनके बड़े बेटे वायु, पति आनंद अहूजा और उनके न्यू-बॉर्न बेबी की झलक देखी जा सकती है। एक तस्वीर में सोनम अपने बड़े बेटे वायु के साथ ब्रेकफास्ट करती नजर आ रही हैं, वहीं एक अन्य फोटो में आनंद अपने छोटे बेटे को गोद में लिए हुए हैं। एक तस्वीर में वायु अपने छोटे भाई के पालने में झांकता हुआ दिखाई दे रहा है। तस्वीरें शेयर करते हुए सोनम कपूर काफी इमोशनल नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिंदगी एक सपना है... यह महीना अब तक बहुत अच्छा रहा। यूनिवर्स का शुक्रिया। मेरे तीन।

29 मार्च को हुआ था दूसरे बेटे का जन्म सोनम कपूर और आनंद अहूजा ने पिछले महीने ही अपने दूसरे बच्चे के आने की आधिकारिक जानकारी साझा की थी। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, ₹हम बहुत खुशी और प्यार के साथ यह बताना चाहते हैं कि 29 मार्च 2026 को हमारे बेटे का जन्म हुआ है।

हमारा परिवार बड़ा हो गया है और उसके आने से हमारे दिल में प्यार और भी ज्यादा बढ़ गया है।₹ उन्होंने यह भी बताया कि बड़ा भाई वायु अपने छोटे भाई का स्वागत करके बहुत खुश है।

2018 में हुई थी शादी, 2022 में बने पेरेंट्स सोनम कपूर और बिजनेसमैन आनंद अहूजा की शादी मई 2018 में एक ग्रैंड सेरेमनी में हुई थी। शादी के चार साल बाद अगस्त 2022 में उन्होंने अपने पहले बेटे 'वायु' का स्वागत किया था। अब 40 साल की उम्र में सोनम ने अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया है। लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं सोनम अगर वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनम कपूर को आखिरी बार फिल्म 'ब्लाइंड' में देखा गया था। यह फिल्म 7 जुलाई 2023 को सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने एक विजुअली इम्पायर्ड (दृष्टिहीन) पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। थिएटर में उनकी आखिरी बड़ी फिल्म साल 2019 में आई 'द जोया फैक्टर' थी।

## आईपीएल के एक दिन में सबसे ज्यादा रन बने: पंजाब ने इतिहास का सबसे बड़ा रनचेज किया

# सूर्यवंशी फास्टेस्ट 50 सिक्स वाले बैटर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आईपीएल 2026 में शनिवार का दिन रिकॉर्ड्स के नाम रहा। पहले मुकाबले में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रन का सबसे बड़ा रनचेज किया।

दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान को 5 विकेट से हरा दिया। इन दोनों मैच को मिलाकर एक ही दिन में आईपीएल इतिहास के सबसे ज्यादा 986 रन बने। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी सबसे तेज 50 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने मात्र 36 गेंदों में अपना दूसरा शतक जड़ दिया।

- **आईपीएल में एक दिन में 986 रन बने-** आईपीएल के इतिहास में एक ही दिन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड शनिवार को बना, जब दो मुकाबलों में कुल 986 रन बन गए। दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के मैच में 264 और 265 रन बने, वहीं राजस्थान और हैदराबाद के मुकाबले में 228 और 229 रन बने। इससे पहले 2024 में 899 रन एक दिन में बने थे, जबकि 2026 में ही एक अन्य दिन 843 रन भी दर्ज किए गए।
- **पंजाब ने आईपीएल में का सबसे बड़ा रन चेज किया-** पंजाब ने अरुण जेटली स्टेडियम में सबसे बड़ा रन चेज किया। टीम ने 18.5 ओवर में 265 रन बना डाले। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा, जो 2024 में केकेआर के खिलाफ 262 रन चेज कर बनाया था।



- **राहुल ने बतौर भारतीय टी-20 में सबसे बड़ी पारी खेली-** राहुल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 67 गेंद पर नाबाद 152 रन बनाए। यह टी20 में किसी भी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड तिलक वर्मा के नाम था, जिन्होंने 2024 में राजकोट में मेघालय के खिलाफ 151 रन बनाए थे।
- **राहुल आईपीएल में 150 रन बनाने वाले पहले भारतीय-** राहुल ने आईपीएल का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। वे आईपीएल में 150 रन का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए। सबसे बड़ा स्कोर क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने पुण वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 2013 में नाबाद 175 रन बनाए थे।
- **राहुल ने तीसरी टीम के लिए सेंचुरी बनाई-** राहुल आईपीएल में 3 अलग-अलग टीमों के लिए शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के लिए शतक लगाए हैं। उनके अलावा डीकॉक (एमआई, डीडी, एलएसजी) और संजू सैमसन (डीडी, आरआर, सीएसके) भी यह कारनामा कर चुके हैं।
- **केएल राहुल ने आईपीएल में छठा शतक जड़ा-** केएल राहुल ने आईपीएल में अपना छठा शतक लगाया। उन्होंने पंजाब के खिलाफ क्रिस गेल के 6 शतकों की बराबरी की। आईपीएल में सबसे ज्यादा 8 शतक विराट कोहली के नाम हैं। 7 शतकों के साथ जोस बटलर दूसरे नंबर पर हैं।
- **राहुल ने 25 बाउंड्री लगाई-** राहुल ने अपनी शतकीय पारी में 16 चौके और 9 छक्के लगाए। वे आईपीएल की एक इनिंग में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 बाउंड्री लगाई थी।
- **राहुल के आईपीएल में 5500 रन पूरे-** राहुल ने शनिवार को शतकीय पारी के दौरान आईपीएल में अपने 5500 रन पूरे कर लिए। वे आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले में 5वें नंबर पर हैं। विराट कोहली 8989 रन के साथ टॉप पर हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा है, जिन्होंने 7183 रन बनाए हैं।
- **दिल्ली ने अपना सबसे बड़ा टोटल बनाया-** दिल्ली ने पंजाब के खिलाफ अपना सबसे बड़ा आईपीएल टोटल बनाया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 264/2 का स्कोर बनाया। इसके बाद 2024 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 257/4 उनका दूसरा सबसे बड़ा टोटल है।

### यहां से दूसरे आरआर वर्सेस एसआरएच मैच के रिकॉर्ड्स

- **वैभव ने आईपीएल का तीसरा सबसे तेज शतक लगाया-** वैभव सूर्यवंशी ने एसआरएच के खिलाफ 36 गेंदों पर सेंचुरी बनाई। उन्होंने आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक लगाया। पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं। गेल ने 2013 में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 30 गेंद पर शतक लगाया था। दूसरे नंबर पर वैभव ही हैं, जिन्होंने 2025 में जीटी के खिलाफ 35 गेंद पर अपना पहला शतक जड़ा था।
- **वैभव एक आईपीएल इनिंग में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय-** वैभव ने अपनी शतकीय पारी में 12 छक्के लगाए। वे आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मुरली विजय के नाम था, जिन्होंने 2010 में आरआर के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे। वैभव ने भी 2025 में जीटी के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे।
- **वैभव ने दूसरी बार 10+ छक्के लगाए-** वैभव ने दूसरी बार आईपीएल की एक पारी में 10 से ज्यादा छक्के लगाए। वे ऐसा करने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2 या उससे ज्यादा बार ऐसी उपलब्धि हासिल की हो। क्रिस गेल नंबर एक पर हैं, जिन्होंने 4 बार ऐसा किया है। अभिषेक शर्मा, वैभव के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

## आईपीएल में साउथ अफ्रीकी बॉलर एनगिडी को सिर में चोट



### कैच लेते वक्त गिरे, ग्राउंड में एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल ले जाया गया, खतरे से बाहर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले के दौरान एक गंभीर हादसा हो गया। दिल्ली के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कैच लेने की कोशिश में पीछे की ओर गिर पड़े और उनका सिर जोर से जमीन से टकराया। चोट इतनी गंभीर थी कि खेल करीब 15 मिनट तक रुका रहा। चोट के बाद मैदान पर एम्बुलेंस बुलाई गई। इसके बाद एनगिडी को स्ट्रेचर पर ले जाकर एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया और तुरंत अस्पताल रवाना किया गया। आईपीएल मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें जल्द डिस्चार्ज किया जाएगा। यह घटना पंजाब की पारी के तीसरे ओवर में हुई। अक्षर पटेल की फुल लेंथ गेंद पर बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने हवा में शॉट खेला। गेंद मिड-ऑफ के ऊपर गई, जहां से एनगिडी तेजी से पीछे भागे। कैच जज करने में हल्की सी चूक हुई और उनका बैलेंस बिगड़ गया। वे पीछे की ओर गिरते हुए सीधे सिर के बल जमीन पर गिरे। टकराव काफी तेज था। गिरते ही उन्होंने सिर पकड़ लिया और मैदान पर ही लेटे रहे। घटना के तुरंत बाद मैदान पर पहले स्ट्रेचर लाया गया। इसके बाद मेडिकल टीम दौड़कर पहुंची। डॉक्टरों ने एनगिडी से बात की। शुरूआती कुछ क्षणों में वे रिस्पॉन्ड करते हुए नजर आए, जिससे थोड़ी राहत की स्थिति बनी।













### भारत के कपड़ा निर्यात में आई गिरावट

## 35.8 अरब डॉलर पर पहुंचा कारोबार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का टेक्सटाइल और गारमेंट निर्यात 2.2 प्रतिशत घटकर 35.8 अरब डॉलर रह गया। कॉटन टेक्सटाइल, रेडीमेड गारमेंट्स और कारपेट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि केवल हैंडीक्राफ्ट में मामूली बढ़त हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि गिरावट लगभग सभी प्रमुख श्रेणियों में देखने को मिली। कॉटन टेक्सटाइल निर्यात 3.9 प्रतिशत घटा, रेडीमेड गारमेंट्स में 1.4 प्रतिशत की कमी आई और कारपेट निर्यात 5.3 प्रतिशत नीचे रहा। केवल हैंडीक्राफ्ट सेक्टर ने मामूली राहत दी, जहां 1.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

**रुपये और डॉलर के आंकड़ों में अंतर एक गहरी आर्थिक चिंता-** जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि रुपये और डॉलर के आंकड़ों में अंतर एक गहरी आर्थिक चिंता को दर्शाता है। उनका कहना है कि भारत घरेलू मुद्रा में अधिक निर्यात करता दिखाई दे रहा है, लेकिन वैश्विक बाजार से डॉलर कम कमा रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मैन-मेड टेक्सटाइल में रुपये के हिसाब से 3.6 प्रतिशत की बढ़त दिखी, लेकिन डॉलर में यह 0.8 प्रतिशत घट गया। इसी तरह गारमेंट निर्यात रुपये में 2.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि डॉलर में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई। श्रीवास्तव के अनुसार, इसका मतलब यह है कि निर्यात में जो बढ़त दिख रही है, वह प्रतिस्पर्धा बढ़ने से नहीं, बल्कि रुपये के कमजोर होने की वजह से है। वास्तविक स्थिति यह है कि भारत वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी खो रहा है या नए बाजारों में विस्तार नहीं कर पा रहा है।

### भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर 27 को हस्ताक्षर

# दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को मजबूती मिलेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिससे दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को मजबूती मिलेगी। इस समझौते से व्यापार में रुकावटें कम होंगी और निर्यातकों को एक-दूसरे के बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले का भारत में स्वागत किया। यह स्वागत दोनों देशों के बीच होने वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 27 अप्रैल को हस्ताक्षर होने से पहले किया गया।

मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि उन्हें टॉड मैक्ले का भारत में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, क्योंकि इससे भारत और न्यूजीलैंड के आर्थिक संबंधों में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल 2026 को भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर हस्ताक्षर होने से पहले यह दौरा दोनों देशों के भरोसे, साझा मूल्यों और आर्थिक विकास के एक जैसे दृष्टिकोण को दर्शाता है।

### न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन ने क्या कहा?

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने पहले ही कहा था कि इस समझौते से दोनों देशों को व्यापार बढ़ाने और बाजार तक बेहतर पहुंच मिलने में फायदा होगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हम सोमवार को भारत के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करेंगे। एक वीडियो संदेश में लक्सन ने बताया कि इस समझौते से न्यूजीलैंड के निर्यातकों को भारतीय बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी, खासकर उन कंपनियों को जो नावों में इस्तेमाल होने वाले मरीन जेट सिस्टम बनाती हैं और जिन्हें 70 से ज्यादा देशों में भेजा जाता है।

उन्होंने कहा कि इस सौदे से व्यापार में आने वाली रुकावटें कम होंगी और दोनों देशों के बीच कारोबारी संबंध मजबूत होंगे।



### भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर 27 को हस्ताक्षर

- भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए पर 27 अप्रैल को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समझौते के तहत भारत के निर्यातकों को भी न्यूजीलैंड के बाजार में 100 प्रतिशत उत्पादों पर शून्य शुल्क (जीरो ड्यूटी) के साथ पहुंच मिलेगी। वहीं, न्यूजीलैंड के 95 प्रतिशत निर्यातित उत्पादों पर भारत शुल्क कम या समाप्त करेगा। इनमें ऊन, कोयला, लकड़ी, वाइन, एवोकाडो और ब्लूबेरी जैसे उत्पाद शामिल हैं।
- हालांकि भारत ने अपने किसानों और घरेलू उद्योग की सुरक्षा के लिए दूध, क्रीम, व्हे, दही, पनीर, प्याज, चीनी, मसाले, खाद्य तेल और रबर जैसे उत्पादों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसके तहत अगले 15 वर्षों में करीब 20 अरब डॉलर का निवेश आने की उम्मीद है। साथ ही, अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। दोनों देशों ने 22 दिसंबर को इस समझौते के लिए वार्ता पूरी होने की घोषणा की थी।

### दोनों देशों के बीच 1.3 अरब डॉलर का है व्यापार

आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में दोनों देशों के बीच व्यापार 1.3 अरब डॉलर रहा। वहीं 2024 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार करीब 2.4 अरब डॉलर तक पहुंचा, जिसमें सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर रहा। इसमें यात्रा, सूचना प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक सेवाओं का बड़ा योगदान रहा।

लक्सन ने यह भी बताया कि अभी कुछ निर्यातकों को भारत में सामान भेजते समय कर(टैरिफ) देना पड़ता है। लेकिन इस समझौते से धीरे-धीरे ये शुल्क कम होंगे, जिससे व्यापार आसान और ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेगा। उन्होंने कहा कि इस एफटीए से न्यूजीलैंड में व्यापार, रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। लक्सन के मुताबिक इससे और ज्यादा नौकरियां, बेहतर वेतन और नए अवसर मिलेंगे। एफटीए पर हस्ताक्षर होने के बाद उम्मीद है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार और निवेश और बढ़ेगा और दोनों देशों को वैश्विक बाजार में ज्यादा मौके मिलेंगे।

### व्यावसायिक एलपीजी

## आपूर्ति लगभग 70% तक बहाल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में ऊर्जा आपूर्ति स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति करीब 70% तक बहाल हो चुकी है और अप्रैल में अब तक 1.47 लाख टन से ज्यादा बिक्री हुई है। आइए विस्तार से जानते हैं।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि, 'व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है और अप्रैल में अब तक 1.47 लाख टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी बेची जा चुकी है। पांच किलो के सिलिंडरों की बिक्री भी सुचारू रूप से जारी है। कल ही 81000 से अधिक पांच किलो के सिलिंडर बिके।

**'यूरिया उर्वरक संयंत्रों के लिए आपूर्ति 95% तक बहाल'-** वहीं, यूरिया की आपूर्ति बहाल करने और संकट निवारण योजना पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल शोधन) सुजाता शर्मा ने बताया कि, 'यूरिया उर्वरक संयंत्रों के लिए आपूर्ति 95% तक बहाल कर दी गई है... संकट निवारण योजना के तहत, संकट शुरू होने के बाद से ही मंत्रालय और सरकार ने मांग और आपूर्ति को सक्रिय रूप से प्रबंधित किया है। उपायों में घरेलू रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाना, कच्चे तेल और एलपीजी की कार्गो सुरक्षित करना और घरेलू आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए विशेष निर्यात शुल्क लगाना शामिल है। इन कदमों से घरेलू बाजार में कोई कमी नहीं हुई है।' एलपीजी की मांग और आपूर्ति पर सुजाता शर्मा ने कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, मांग के अनुसार प्रबंधन के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए गए हैं। बुकिंग को कुछ हद तक सुव्यवस्थित किया गया है। परिणामस्वरूप, पेट्रोल और डीजल की घरेलू आपूर्ति बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चल रही है।

# क्या बंद हो जाएगा पेटीएम?

## रिजर्व बैंक ने पेटीएम का बैंकिंग लाइसेंस किया रद्द, लाखों यूजर्स पर पड़ सकता है असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि बैंक के कामकाज में बैंक और उसके जमाकर्ताओं के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले तरीके अपनाए जाने के कारण लाइसेंस रद्द किया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाते हुए, तत्काल प्रभाव से उसके बैंकिंग लाइसेंस को रद्द करने का आदेश जारी किया। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जिसके बाद से बैंक किसी भी प्रकार की नई जमा स्वीकार नहीं कर सकेगा और न ही किसी भी ग्राहक खाते में क्रेडिट लेन-देन कर पाएगा। इस निर्णय का सीधा असर बैंक के करोड़ों ग्राहकों पर पड़ेगा, जिन्हें अपनी जमा राशि और लेन-देन को लेकर चिंता सता रही है।




### लाखों ग्राहकों पर पड़ सकता है असर

पेटीएम पेमेंट्स बैंक के लाइसेंस रद्द होने से सबसे अधिक प्रभावित इसके लाखों ग्राहक होंगे। हालांकि, आरबीआई ने यह स्पष्ट किया है कि ग्राहक अपने खातों में जमा राशि को निकालने के लिए स्वतंत्र हैं। बैंक किसी भी ग्राहक को अपनी जमा राशि वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

- **जमा राशि की निकासी:** ग्राहक अपने खातों में जमा राशि को किसी अन्य बैंक खाते में हस्तांतरित कर सकते हैं।
- **लेन-देन पर रोक:** किसी भी प्रकार की नई जमा स्वीकार नहीं की जाएगी और न ही किसी भी खाते में क्रेडिट लेन-देन संभव होगा।
- **वॉलेट और फास्टैग:** पेटीएम के प्रीपेड वॉलेट और फास्टैग की सेवाओं पर भी इसका असर पड़ेगा। इन सेवाओं को जल्द ही किसी अन्य बैंक के साथ एकीकृत किया जाएगा।
- **नए लाइसेंस की संभावना:** भविष्य में बैंकिंग लाइसेंस प्राप्त करना एक लंबी और जटिल प्रक्रिया होगी।
- **विनियमन का महत्व:** यह मामला फिनटेक कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण सबक है, जो तेजी से बढ़ रही हैं लेकिन उन्हें नियामक ढांचे का सख्ती से पालन करना होगा।

### बैंक के प्रबंधन पर रिजर्व बैंक ने उठाए सवाल

आरबीआई ने कहा, 'बैंक के प्रबंधन का सामान्य स्वरूप जमाकर्ताओं के हितों के साथ-साथ जनहित के भी विरुद्ध है।' इसके परिणामस्वरूप, पेटीएम पेमेंट्स बैंक को किसी भी प्रकार का बैंकिंग व्यवसाय करने से प्रतिबंधित किया गया है। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह बैंक को बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में आवेदन करेगा। आरबीआई ने कहा, 'बैंक के बंद होने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के पास अपनी पूरी जमा देनदारी चुकाने के लिए पर्याप्त तरलता है।' बता दें कि, पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 11 मार्च, 2022 से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया गया है। आरबीआई का पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द करने का निर्णय वित्तीय क्षेत्र में नियामक अनुपालन के महत्व को बताता है। इस कदम से लाखों ग्राहकों को तत्काल असुविधा का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन यह दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और उपभोक्ता संरक्षण की दिशा में एक आवश्यक कदम है।

### बैंकों के साथ वित्त मंत्री की अहम बैठक

## एआई से जुड़े खतरों पर सतर्क रहने का दिया निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की और एआई से जुड़े नए साइबर खतरों को देखते हुए उन्हें अपनी आईटी प्रणाली, ग्राहक डाटा और वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को उभरते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े खतरों को लेकर बैंकों और संबंधित पक्षों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी शामिल हुए। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि नए एआई मॉडल सॉफ्टवेयर की कमजोरियों का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं।

सीतारमण ने सभी बैंकों से अपनी आईटी प्रणाली को सुरक्षित करने, ग्राहकों के डाटा की रक्षा करने और वित्तीय संसाधनों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक पूर्व-निवारक कदम उठाने का आग्रह किया। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने अब तक साइबर सुरक्षा प्रणालियों और प्रोटोकॉल को मजबूत करने में बैंकों की ओर से किए गए कार्य की सराहना की।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि नए एआई मॉडल से उत्पन्न हो रहा खतरा अभूतपूर्व है और इसके लिए बहुत उच्च स्तर की सतर्कता, तैयारी और वित्तीय संस्थानों तथा बैंकों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत है।

**वित्त मंत्री ने इंडियन बैंक्स एसोसिएशन को क्या सलाह दी?**

वित्त मंत्री ने इंडियन बैंक्स एसोसिएशन को सलाह दी कि ऐसे खतरों का तेजी और प्रभावी तरीके से जवाब देने के लिए एक मिलकर काम करने वाला तंत्र विकसित किया जाए। उन्होंने बैंकों को यह भी निर्देश दिया कि वे सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध साइबर सुरक्षा पेशेवरों और विशेष एजेंसियों को शामिल करें, ताकि बैंकों की रक्षा और निगरानी क्षमताओं को लगातार मजबूत किया जा सके।

## 4 दिन में 1.24 लाख लोग पहुंचे केदारनाथ

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अब तक करीब 1 लाख 24 हजार 782 श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जिससे यात्रा को लेकर उत्साह साफ दिखाई दे रहा है।

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दर्शन को सुचारू बनाने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को बिना लंबी प्रतीक्षा के आसानी से दर्शन हो पा रहे हैं।

धाम में ठहरने, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था की गई है। साथ ही, श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और निश्चिंत होकर यात्रा करें।

रुद्रप्रयाग जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि पिछले 4 दिनों से यात्रा सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है और सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह व्यवस्थित हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी टीमें मुस्तैदी से कार्य कर रही हैं। साथ ही भैरवनाथ जी के कपाट खुलने के साथ ही आज से केदारनाथ धाम में सांयकालीन आरती का शुभारंभ हो गया है। जिससे श्रद्धालुओं को एक और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा।

### धाम को बदनाम किया जाना बेहद निंदनीय

केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि केदारनाथ के कपाट खुले हुए आज चौथा दिन है और आज भगवान भैरवनाथ के कपाट भी खुल गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में केदारनाथ धाम में व्यवस्थाएं बिल्कुल ठीक हैं। प्रत्येक श्रद्धालु को दर्शन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा- कुछ अराजक तत्वों की ओर से धाम को बदनाम किया जाना बेहद निंदनीय है।

### यात्रियों के लिए टोकन व्यवस्था

केदार सभा के वरिष्ठ सदस्य उमेश चंद्र पोस्ती ने कहा कि बीकेटीसी और जिला प्रशासन के नेतृत्व में अब तक करीब 1 लाख 24 हजार 782 लोगों ने बाबा केदार के दर्शन कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से कई लोग असत्य और भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। उन्होंने देश-विदेश के श्रद्धालुओं से निश्चिंत होकर केदारनाथ धाम आने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन मिलकर दिन रात व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है। केदारनाथ में किसी तरह की अव्यवस्थाएं नहीं है। मंदिर में दर्शन के लिए यात्रियों के लिए टोकन व्यवस्था की गई है। जिससे जल्दी दर्शन हो रहे हैं।

### यात्रियों के लिए की गई है बेहतर व्यवस्था

केदार सभा के सदस्य संजय तिवारी ने सभी श्रद्धालुओं का केदारनाथ में स्वागत करते हुए कहा कि अब बाबा भैरवनाथ के कपाट भी खुल गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन, केदार सभा और स्थानीय लोगों की ओर से केदारनाथ आने वाले यात्रियों के ठहरने, दर्शन और खाने के लिए बेहतर व्यवस्था की गई हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया में केदारनाथ धाम के बारे में चल रही भ्रामक खबरों का खंडन करते हुए कहा कि भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं की गई है। बद्रीनाथ धाम के कपाट इस वर्ष 23 अप्रैल को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के साथ ही धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। जिला सूचना अधिकारी चमोली ने बताया कि कपाट खुलने के पहले तीन दिनों में कुल 37,884 श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए।

# गुजरात में निकाय चुनाव के लिए आज होगा मतदान, 15 मनपा, 84 नपा समेत जिला-तालुका पंचायत के लिए 9,992 कैंडिडेट्स

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

गुजरात में रविवार को स्थानीय और नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। जरूरत पड़ने पर अगले दिन पुनर्मतदान कराया जाएगा और मतगणना 28 अप्रैल को होगी। 15 नगर निगमों जिनमें अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट शामिल हैं के साथ 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों में कुल 9,992 स्थानीय प्रतिनिधि मैदान में हैं। 4.18 करोड़ से अधिक मतदाता फैसला देंगे। गांधीनगर और जूनागढ़ में महानगरपालिका का कार्यकाल चल रहा होने के कारण वहां चुनाव नहीं होंगे। 11 नगरपालिकाओं की खाली सीटों पर उपचुनाव भी साथ ही होंगे।

पिछले चुनाव में बीजेपी ने 8,470 में से 6,236 सीटें जीती थीं साल 2021 के स्थानीय चुनाव में इखढ ने शानदार जीत हासिल की थी। पार्टी नगरपालिकाओं की 8,470 सीट में से 6,236 सीट जीती थीं। इखढ ने तब सभी छह नगर निगमों के अलावा 81 नगरपालिकाओं, 32 जिला पंचायतों और 231 तालुका पंचायतों पर अपना दबदबा बनाए रखा था।



**आरक्षण का क्या असर?** जातीय समीकरण में इस बार के चुनाव का सबसे बड़ा कारक ओबीसी आरक्षित सीटों का नया रोटेशन है। 10 हजार में से 2286 सीटें ओबीसी के लिए आरक्षित हैं, जबकि 5 हजार सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

विधानसभा 2027 का सेमीफाइनल गुजरात विधानसभा 2027 के चुनाव में 20 महीने बाकी हैं। यह चुनाव उसका सेमीफाइनल माना जा रहा है। हर बार स्थानीय चुनावों में भाजपा का ग्राफ बढ़ता गया है और उसी तरह विधानसभा में सीटें भी बढ़ी हैं।

### चुनाव से पहले ही कांग्रेस ने 32 सीटें गंवाईं

नवसारी जिले में पार्टी द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना आधिकारिक मैंडेट जमा न कर पाने के चलते कांग्रेस को जिले में कुल 32 सीटों से हाथ धोना पड़ा है। कांग्रेस ने गणदेवी नगरपालिका के 6 वार्डों की 24 सीटों के लिए 18 उम्मीदवार उतारे थे। हालांकि, फॉर्म जमा करने के आखिरी दिन शहर कांग्रेस अध्यक्ष दोपहर 3:10 बजे मैंडेट लेकर पहुंचे। चुनाव अधिकारी ने मैंडेट स्वीकार करने से यह कहते हुए इनकार किया कि 3 बजे की समय सीमा बीत चुकी है। नतीजतन, कांग्रेस के सभी 18 नामांकन फॉर्म खारिज हो गए।

### ये सीटें भी गंवाईं

गणदेवी तालुका पंचायत की 6 सीटें
नवसारी जिला पंचायत की 3 सीटें
नवसारी मनपा की 2 सीटें
जलालपुर तालुका पंचायत की 2 सीटें
चिखली तालुका पंचायत की 1 सीट

## प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़े, सुरक्षाबलों ने रोकने के लिए आंसू गैस के गोले चलाए,

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मणिपुर में स्थायी शांति की मांग कर रहे हजारों लोगों की शनिवार को पुलिस से झड़प हो गई। ये सभी उट आवास की ओर मार्च करने निकले थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के लगाए बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले दागे। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और तख्तियां थामे हुए बिष्णुपुर जिले में हाल ही में हुए एक बम धमाके में मारे गए दो बच्चों के लिए न्याय और जातीय संघर्ष से प्रभावित आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के पुनर्वास की मांग की। बाद में प्रदर्शनकारियों के एक समूह को उट वाई. खेमचंद सिंह से मिलने की अनुमति दी गई। उन्होंने इस मामले पर एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने, मैतेई संगठन उडउडटक (कोऑर्डिनेटिंग कमिटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी) के बैनर तले चार अलग-अलग रैलियां निकालीं, जिन्हें अलग-अलग जगहों पर रोक दिया गया। ये बाबूपाड़ा इलाके में उट के बंगले की ओर बढ़ रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि उट के आवास की ओर जाने वाली चारों दिशाओं में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए और बैरिकेड लगाए गए। इंफाल पूर्वी जिले में खुराई लामलोंग में उट के बंगले से करीब 2 किलोमीटर दूर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। संयोजक वाई. के. धीरेन ने उट से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि संगठन, जनता के साथ मिलकर, लोगों की मांगों को मनवाने के लिए आंदोलन को और तेज करेगा। उन्होंने कहा कि 3 मई, 2023 से मणिपुर संकट में कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है; उन्होंने आरोप लगाया कि निर्णायक राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है और परस्पर विरोधी बयानों ने शांति प्रयासों में बाधा डाली है। प्रवक्ता नाहकपम शांता सिंह ने इससे पहले कहा था कि संगठन मणिपुर सरकार से 7 अप्रैल को त्रोंगलाओबी में हुए बम धमाके में दो बच्चों की मौत पर 'एक्शन टेकन रिपोर्ट' की मांग करता है।

## दिल्ली में मिक्सर-ग्राइंडर से हलवाई के हाथ काटने की कोशिश, शादी के बकाया पैसे मांगने गया था

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली के द्वारका में शादी में काम के बकाया पैसे मांगने पर हलवाई को बांधकर पीटा गया और मिक्सर ग्राइंडर से उसके हाथ काटने की कोशिश की गई। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को 32 साल के लोकेश गुप्ता ने अजय पाल के यहां 20 अप्रैल को शादी में काम किया था। लोकेश हलवाई होने के साथ टेंट का काम भी करता था। उसने शादी में काम के लिए ?2.5 लाख मांगे थे। इसमें से लगभग 2 लाख रुपए बकाया थे। लोकेश 24 अप्रैल को जैसे ही पैसे लेने पहुंचा, अजय पाल ने 2-3 साथियों के साथ उसे पकड़ लिया। वे उसे जबरन छत पर ले गए और उसके साथ मारपीट की। लोकेश के दोनों हाथों पर गंभीर चोटें आईं और काफी खून बहा। पुलिस ने दिल्ली के डाबरी थाने में त्रक्क दर्ज की है। लोकेश का बयान दर्ज कर लिया गया है और 53 साल के अजय पाल को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस ने अजय के घर से दो नाबालिगों को भी हिरासत में लिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। घायल होने के बाद गुप्ता को पहले पास के निजी अस्पताल में ले जाया गया। बाद में उन्हें एम्स रेफर किया गया। दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक पिता और बेटे के साथ खुलेआम मारपीट का मामला सामने आया था। घटना 2 जनवरी की है।

### पीएम मोदी के मन की बात का 133वां एपिसोड

# महिला आरक्षण और गर्मी पर बोल सकते हैं; पिछली बार ईरान-अमेरिका जंग पर चर्चा की थी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 'मन की बात' का 133वां एपिसोड करेंगे। पीएम इस बार महिला आरक्षण पर बोल सकते हैं। 17 अप्रैल को महिला आरक्षण से जुड़ा लोकसभा की सीटें बढ़ाने का बिल संसद में 54 वोटों से गिर गया था। इसके साथ ही वे 14 मई को होने वाले मदर्स डे पर भी बात कर सकते हैं।

देशभर में गर्मी बढ़ रही है। हीटस्ट्रोक से मौत की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री बढ़ती गर्मी और गर्मी से बचने के तरीकों पर भी बात कर सकते हैं।





29 अप्रैल को 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में पीएम ने ईरान-अमेरिका जंग पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है।

132वां एपिसोडः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है।

131वां एपिसोडः पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में ग्लोबल अकइम्पेक्ट समिट के दौरान, कई देश के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर, टेक कंपनी के दिग्गज जुटे। पांडुलिपि को संरक्षित कर रहे हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरूरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व महंगे कपड़े का एक प्रकार

**ऊपर से नीचे**
1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-5
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | स | ध | ■ | ट | म | ट | म |
| प | ■ | ■ | द | स्त | क | ■ | ■ | हा |
| र | ■ | च | धी | ■ | ला | श | ■ | अ |
| ख | ल | ना | य | क | ■ | व | त | न |
| ■ | ल | ■ | त | ■ | ना | ■ | ति | ■ |
| म | जा | हि | ■ | इ | क | ब | ला | ज |
| हा | ■ | च | क | ■ | क | ल | ■ | चि |
| व | ■ | ■ | म | प | ट | ■ | ■ | का |
| त | ब | वा | र | ■ | ना | इ | क | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 62 | | 2 | | 22 | = | 75 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 22 | | 20 | | 5 | | 2 | = | 8 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 50 | | 54 | | 10 | = | 36 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 75 | | 40 | | 25 | = | 50 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 49 | | 17 | | 21 | | 9 | = | 97 / 20 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | र्व | ध | न | झ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हो | ली | त |
| ग | र | शा | झ | श | शि | ह्य | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | ठो | शि | श | रा | क |
| च | र | ट | ध | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| र्श | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | थिं | त्रि |
| व | रा | व | ल | ध | इ | क | पा | कां | ज | दू |
| ग | ण | गौ | र | जी | ल | ड्ड | व | गो | र | द |
| र | ल | प | चा | ऑ | ब | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | णे | श | च | तु | र्थी | व | श | त्रु | घ्न | ट |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | | |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | 5 | | | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| | | | 4 | | 5 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति - आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर गिर गई थी और आंख लग गई थी।

000000000

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो पढ़ाई के पीछे भागो... नींद झक मार के आएगी।

000000000

टीचर - भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!


000000000

संता - पंजाब एक्सप्रेस कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको जाना कहां है?
संता - कही नहीं... बस पटरी पर लेटकर सेल्फी लेनी है।

000000000

सोनू मोनू आपस में बात कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# रिफाइनरी में आग, 'साइबर अटैक' की आशंका, ऑटोमेटिक कंट्रोल यूनिट्स हाईजैक तो नहीं हुए

**देश की सबसे आधुनिक और हाईटेक बालोतरा की पचपदरा रिफाइनरी में 20 अप्रैल को लगी आग के बाद सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हैं। इस हादसे को 'साइबर अटैक' से भी जोड़कर देखा जा रहा है। जांच एजेंसियां इस एंगल पर भी जांच को आगे बढ़ा रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि हादसे के वक्त रिफाइनरी के ऑटोमेटिक कंट्रोल यूनिट्स को बाहर से 'हाईजैक' कर लिया गया होगा। सुरक्षा एजेंसियां अब रिफाइनरी के डिजिटल लॉग्स और डेटा को खंगाल रही हैं।**

**एक्सपट्?र्स यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या किसी बाहरी आईपी एड्रेस (क्ढ अíी22) ने सिस्टम में सेंध लगाने की कोशिश तो नहीं की थी? उधर, आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन भी किया जा रहा है। विस्तृत जांच से प्रारंभिक आकलन की पुष्टि हुई है कि आग हीट एक्सचेंजर स्टैक तक सीमित थी, जिससे केवल 6 एक्सचेंजर और उनसे संबंधित सहायक उपकरण प्रभावित हुए। अगले 3-4 सप्ताह में मरम्मत का काम पूरा होने की संभावना है।**



## एचपीसीएल ने कहा- मई में शुरू हो जाएगी सीडीयू

### 1 किमी के दायरे में आने वाली दुकानें हट सकती हैं, सुरक्षा घेरा बढ़ा

हादसे के बाद सुरक्षा एजेंसियां और बालोतरा पुलिस पूरी तरह एक्टिव मोड में है। सूत्रों के मुताबिक, रिफाइनरी के 1 किलोमीटर के दायरे में आने वाली दुकानों और कमर्शियल संस्थानों को सुरक्षा कारणों से हटाया जा सकता है। दावा है कि यहां दिनभर भीड़ रहती है, जो सुरक्षा के



लिहाज से बड़ा खतरा है।


### बिना अनुमति प्रवेश पर रोक

इलाके में रहने वाले सभी किराएदारों और मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन शुरू कर दिया गया है। बिना अनुमति किसी भी बाहरी व्यक्ति का रिफाइनरी परिसर में प्रवेश पूरी रोक दिया गया है। रिफाइनरी में आग पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक 20 घंटे पहले लगी थी। पीएम 21 अप्रैल को इसका उद्घाटन करने वाले थे। सभा के लिए बनाए गए 3 विशाल डोम को हटाने का काम सुरक्षा एजेंसियों ने रुकवा दिया है। माना जा रहा है कि एजेंसियां इन डोम के आसपास से फॉरेंसिक सबूत जुटाना चाहती हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आग तकनीकी खामी थी या कोई सोची-समझी साजिश।

### मई के दूसरे पखवाड़े में शुरू हो जाएगी क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट

**शनिवार को एक्स पर बयान जारी किया। इसमें बताया- हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की संयुक्त उद्यम कंपनी, एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड की क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट में 20 अप्रैल 2026 को हुई दुर्भाग्यपूर्ण अग्नि दुर्घटना के संदर्भ में।**

घटना के बाद विस्तृत जांच से प्रारंभिक आकलन की पुष्टि हुई है कि आग हीट एक्सचेंजर स्टैक तक सीमित थी, जिससे केवल 6 एक्सचेंजर और उनसे संबंधित सहायक उपकरण प्रभावित हुए हैं। परिस्थितिजन्य सबूतों के आधार पर आग का कारण वैक्यूम रेजिड्यू एक्सचेंजर की इनलेट लाइन पर प्रेशर गेज टैपिंग पॉइंट से रिसाव होने की आशंका है। मरम्मत का काम अगले 3-4 सप्ताह में पूरा होने की संभावना है। उउब्र के मई 2026 के दूसरे पखवाड़े में फिर से शुरू होने की उम्मीद है। अन्य सहायक इकाइयां योजना के अनुसार पहले से ही कमीशनिंग के उन्नत चरण में हैं। यह उम्मीद है कि मुख्य उत्पादों (एलपीजी/एमएस/एचएसडी/नैफ्था) की परीक्षणात्मक उत्पादन मई 2026 में शुरू हो जाएगा और इसके बाद इकाइयों को स्थिर/कमीशन किया जाएगा। ल्ढउछ अपनी परिचालन सुरक्षा, सुदृढ़ आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों और उद्योग के सर्वोच्च मानकों के पालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।




## पचपदरा रिफाइनरी की क्षमता




| 9 मिलियन टन सालाना कच्चे तेल की रिफाइनिंग क्षमता | 2 मिलियन टन क्षमता का पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स | 7.5 मिलियन टन कच्चा तेल अरब देशों से मंगाया जाएगा | 1.5 मिलियन टन कच्चे तेल का राजस्थान में प्रोडक्शन कर यहां यूज करेंगे |
|---|---|---|---|

■ वर्ष-12 अंक-172 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 26 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पाठितः।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।।

**भावार्थ** : जो अपने बच्चे को शिक्षा नहीं देता, ऐसी माँ शत्रु के समान होती है और उसका पिता शत्रुतापूर्ण होता है; क्योंकि हंसों के बीच बगुले की तरह ऐसा आदमी विद्वानों की सभा को शोभा नहीं देता!

रूपयौवनसंपन्ना विशाल कुलसम्भवाः।
विद्याहीना न शोभन्ते निर्गन्धा इव किंशुकाः।।

**भावार्थ** : रूप में धनी, यौवन, और भले ही एक विशाल परिवार में पैदा हुए हों, लेकिन जो शिक्षाहीन हैं, वे बिना सुगंध के कसौदा के फूल की तरह सुशोभित नहीं होते हैं।

## प्रथमे मुख्यबोर्डपरीक्षायां उपस्थिताः आसन्-फेब्रुवरी-मार्चमासे आयोजितायां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

१० कक्षायाः छात्राणां कृते एषा नूतना व्यवस्था अपारं महत्त्वं धारयति, यतः अस्मिन् वर्षे आरभ्य प्रथमवारं बोर्डेन 'द्वि-बोर्ड-परीक्षा-व्यवस्था' कार्यान्विता अस्ति अस्याः नीतेः प्राथमिकं उद्देश्यं बोर्डपरीक्षाणां तनावपूर्णं स्वरूपं न्यूनीकर्तुं छात्राणां प्रदर्शनं वर्धयितुं अतिरिक्तं अवसरं प्रदातुं च अस्ति। नियमानुसारं ते एव छात्राः प्रथमे मुख्यबोर्डपरीक्षायां उपस्थिताः आसन्-फेब्रुवरी-मार्चमासे आयोजितायां-द्वितीयबोर्डपरीक्षायां उपविष्टुं योग्याः सन्ति। छात्राणां कृते विज्ञानं, गणितं, सामाजिकविज्ञानं, भाषा च इति विषयेभ्यः कस्यापि त्रयः विषयाः चयनं कृत्वा स्वस्य स्कोरं सुधारयितुम् विकल्पः अस्ति। उल्लेखनीयं यत् सीबीएसई इत्यनेन १५ एप्रिल दिनाङ्के मुख्यदशमवर्गस्य बोर्डपरीक्षाणां परिणामाः घोषिताः आसन्।

## सम्पादकीयम्

### पाकिस्ताने शान्तिवार्ता

पाकिस्ताने शान्तिवार्ता आरभ्यते, तथापि पश्चिमे एशियायां द्वन्द्वः अधिकं उलझति पाकिस्ताने अमेरिका-इरान्-योः मध्ये शान्तिसम्झौतां लक्ष्यं कृत्वा वार्ता आरब्धा, यत्र अनेकेषां मुस्लिमराष्ट्रानां विदेशमन्त्रिणः सम्मिलिताः सन्ति परन्तु इरान्देशः प्रत्यक्षसंवादं निरन्तरं नकारयति, क्षेत्रीयतनावः च वर्धमानः अस्ति। फलतः वैश्विकमञ्चे युद्धेन आर्थिकदबावः वर्धमानः भवितुं आरब्धः अस्ति। पाकिस्तान शान्ति योजना अमेरिका-इरान्-देशयोः शान्तिसम्झौतां लक्ष्यं कृत्वा रविवासरे पाकिस्ताने आधिकारिकतया वार्ता आरब्धा। सऊदी अरब-तुर्की-मिस्र-देशयोः विदेशमन्त्रिणः अपि इस्लामाबाद-नगरम् आगताः सन्ति। केवलं एकदिनपूर्वं-शनिवासरे-अमेरिकादेशस्य विदेशसचिवः मार्को रुबियो कतिपयेषु सप्ताहेषु युद्धस्य समाप्तिः भविष्यति इति विश्वासं प्रकटितवान्। पश्चिम एशियायां वर्धमानस्य अमेरिकीसैन्यस्य उपस्थितेः विषये चिन्ता अपि सः अङ्गीकृतवान् यत्, संघर्षाय भूसैनिकानाम् आवश्यकता न भविष्यति इति। प्रत्यक्षसंवादः नास्ति : यद्यपि एतत् सम्पूर्णं परिदृश्यं आशां प्रज्वलितं दृश्यते तथापि युगपत् अनेकैः प्रमुखैः आव्हानैः परिपूर्णम् अस्ति। इरान्-देशः अमेरिका-देशेन सह प्रत्यक्षवातार्लापं कर्तुं न अस्वीकृतवान्, तस्य तात्पर्यं यत् इदानीं द्वयोः राष्ट्रयोः संवादस्य सुविधायै तृतीयपक्षेण अग्रे गन्तुं प्रवृत्तः भविष्यति। अपि च, इरान्-देशेन सम्भाव्यसम्झौतेः कृते अमेरिका-देशेन निर्धारिताः शर्ताः निरन्तरं अङ्गीकृताः।

## अस्मिन् समये प्रथमचरणस्य मतदातानां मतदानं

# निर्वाचनआयोगस्य आँकडानुसारं राज्ये वादनपर्यन्तं ८९.९३ प्रतिशतं मतदानं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

इदानीं मतगणनादिने राजनैतिकदलानां नेत्राणि निहिताः सन्ति, यदा स्पष्टं भविष्यति यत् जनसमूहः कस्य समर्थनं कर्तुं चितवान् इति। अस्मिन् समये प्रथमचरणस्य मतदातानां मतदानं उल्लेखनीयरूपेण प्रभावशालिनी अभवत्। निर्वाचनआयोगस्य आँकडानुसारं राज्ये सायं ५:०० वादनपर्यन्तं ८९.९३ प्रतिशतं मतदानं जातम्-यत् पूर्वनिर्वाचनानां अपेक्षया महत्त्वपूर्णतया अधिकम् अस्ति एतत् आँकडा राज्यस्य मतदातानां मध्ये लोकतान्त्रिकप्रक्रियायाः विषये गहनजागरूकतायाः, उत्साहस्य च सूचकरूपेण कार्यं करोति। विभिन्नेषु जिल्हेषु मतदातानां मतदानम् अपि उल्लेखनीयम् आसीत्; दक्षिणदीनाजपुरे सर्वाधिकं मतदानं ९३.१२ प्रतिशतं कृतम्। तदनन्तरं कूचबिहारः ९२.०७ प्रतिशतं, बीरभूम ९१.५५ प्रतिशतं, मुर्शिदाबादं ९१.३६ प्रतिशतं, जलपैगुरी ९१.२० प्रतिशतं च अभवत्।

अपि च झारग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर इत्यादिषु मण्डलेषु अपि ९० प्रतिशतात् अधिकं मतदानं जातम्, यत् राज्यस्य अन्तः निर्वाचनसहभागितायाः उच्चस्तरं प्रतिबिम्बयति बाङ्कुरा-माल्डा-नगरयोः मतदानं ८९ प्रतिशतं परिमितं भवति स्म; यदा दार्जिलिंग्-नगरे ८६.४९ प्रतिशतं तुल्यकालिकं न्यूनं आकङ्कणं प्राप्तम्, तथापि एतत् स्वयमेव दृढं आँकडा अस्ति। यदा २०२१ तमे वर्षे आयोजितस्य पूर्वविधानसभानिर्वाचनस्य तुलने-यस्मिन् काले राज्ये कुलमतदानं ८५.२ प्रतिशतं कृतम्-तदा वर्तमाननिर्वाचनस्य केवलं प्रथमचरणस्य प्राप्तः आकङ्कः पूर्वमेव तत् मानदण्डं अतिक्रान्तवान् अस्ति

विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एतादृशः विशालः मतदातानां मतदानः राजनैतिकदलेभ्यः संकेतं ददाति यत जनसमूहः, अस्मिन् समये, परिवर्तनं इच्छति वा स्थिरतां वा इति विषये स्पष्टं मतं निर्मितवान्। अत एव अधुना सर्वे राजनैतिकदलाः निर्वाचनस्य आगामिषु चरणेषु स्वस्य पूर्णशक्तिं प्रवाहयन्ति। ममता बनर्जी इत्यस्याः पदयात्रा (पदयात्रा) अपि अस्याः रणनीत्याः अभिन्नः भागः इति दृश्यते, यस्य माध्यमेन सा प्रत्यक्षतया जनसमूहेन सह सम्बद्धा भवति, स्वस्य समर्थनस्य आधारं सुदृढं कर्तुं च प्रयतते। राज्ये निर्वाचनस्य अग्रिमः चरणः अधुना अधिकं महत्त्वपूर्णः इति मन्यते, यतः अवशिष्टानां १४२ आसनानां मतदानं मे २९ दिनाङ्के भवितुं निश्चितम् अस्ति। अयं चरणः निर्वाचनपरिणामानां प्रक्षेपवक्रनिर्धारणे निर्णायकभूमिकां निर्वहति।

## प्रिया टिप्पणीं कृतवती

# यत् भंसाली इत्यस्याः चलच्चित्रेषु तस्याः बाल्यकाले तस्याः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

सर्वदा प्रेरणास्त्रोतरूपेण कार्यं कृतवन्तः। भारतीयचलचित्रस्य प्रति एतेन एव प्रेम्णा प्रेरिता सा पौराणिकचलच्चित्रनिमार्तृणा संजयलीलाभंसाली इत्यनेन सह कार्यं कर्तुं प्रबलं इच्छां प्रकटितवती अस्ति। प्रिया टिप्पणीं कृतवती यत् भंसाली इत्यस्याः चलच्चित्रेषु तस्याः बाल्यकाले तस्याः मनः मोहितं त्यजति स्म, तस्य सह कार्यं करणं-तस्य च निर्मितं सुन्दरं जगत्-तस्याः कृते स्वप्नः इव भविष्यति अभिनेत्री स्वस्य हाले एव इति परियोजनायां स्वर-अभिनयस्य प्रथमः अनुभवः अपि साझां कृतवती, यस्मिन् सा रायन् गोस्लिंग् इत्यनेन सह कार्यं कृतवती। प्रिया व्याख्यातवती यत् स्वर-अभिनयः तस्याः कृते रोमाञ्चकारी अपि च अत्यन्तं आव्हानात्मकः अपि अस्ति, यतः तस्याः कृते केवलं स्वरस्य माध्यमेन एव भावानाम् प्रसारणं करणीयम्, मुखस्य भावानाम् अवलम्बनं विना चलचित्रे सा 'मैरी' इति सङ्गणके स्वस्वरं ऋणं दत्तवती। २०२६ तमस्य वर्षस्य मार्चमासस्य २६ दिनाङ्के भारते प्रदर्शितम् अयं चलच्चित्रः पृथिव्याः उद्धाराय अन्तरिक्षयात्रायां प्रवृत्तस्य विज्ञानशिक्षकस्य भूमिकायां रायन् गोस्लिङ्ग इत्यस्य भूमिका अस्ति प्रिया कथयति यत् सा भविष्ये अपि एतादृशानां विविधानां प्रामाणिकानां च कथानां भागः भवितुं इच्छति, यस्य उद्देश्यं भवति यत् भारतीयकलाकारानाम् विविधाः अनुभवाः वैश्विकमञ्चे आनेतुं शक्नुवन्ति। ब्रिड्जर्टन् इत्यस्मिन् स्वस्य अनुभवस्य विषये वदन्त्याः सा तत् प्रमुखं नेत्र-उद्घाटकं इति वर्णितवती, यतः सा कदापि न कल्पितवती यत् सा एकस्य अवधिनाटकस्य भागः भविष्यति यत्र अन्याः दक्षिण एशियायाः अभिनेत्राः।

## राशिफल

**मेष** : अपने साथी के साथ क्वालिटी टाइम स्पेन्ड करें। खर्च पर कंट्रोल करें। परिवार में हल्की अनबन संभव है।

**वृषभ** : आप अपना ख्याल रख सकें। ये दिन आपके जीवन में खुशियां और संतुष्टि लेकर आने वाला है।

**मिथुन** : आपको अपने साथी के साथ बात करने में आसानी होगी। प्रेम जीवन भी अच्छा रहेगा और रिश्ते मजबूत होंगे।

**कर्क** : रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। परिवार में सुखद माहौल बना रहेगा। सेहत के लिहाज से मानसिक शांति जरूरी रहेगी।

**सिंह** : जीवनसाथी के साथ समय सुखद रहेगा। कुल मिलाकर, आर्थिक स्थिति अच्छी रहने से आप संतुष्ट महसूस करेंगे।

**कन्या** : सेहत को लेकर लापरवाही न करें। कोई पुराना मामला सुलझ सकता है। पर्याप्त नींद लेना जरूरी है।

**तुला** : सामाजिक जीवन सक्रिय रहेगा। ऐसे में भरोसेमंद दोस्त से बात करें। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**वृश्चिक** : कोई नया प्लान भी बन सकता है। सेहत सामान्य रहेगी। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** : दिन के अंत में किसी खास के साथ अच्छी बातचीत मन को सुकून देगी। परिवार से प्यार और अपनापन मिलेगा।

**मकर** : आर्थिक मामलों में थोड़ी सावधानी बरतें। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। क्रोध पर काबू रखें और ज्यादा तनाव न लें।

**कुंभ** : परिवार का सहयोग आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। सेहत के मामले में लापरवाही न करें।

**मीन** : बौद्धिक कार्यों से आय वृद्धि होगी। ईमानदारी का आपके रोमांटिक रिश्ते पर गहरा असर पड़ेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# मई माह में तीन बड़े ग्रहों का महागोचर, 4 राशियों को मिलेगा लाभ, कई बड़े बदलावों का संकेत

मई 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी समय माना जा रहा है, जिसमें ग्रहों की चाल कई बड़े बदलावों का संकेत दे रही है। इस महीने बुध, मंगल और सूर्य के गोचर से विशेष ऊर्जा और प्रभाव देखने को मिलेंगे। मई 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से एक बेहद महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी समय माना जा रहा है। इस महीने  बुध, मंगल और सूर्य के गोचर की चाल में कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इन ग्रहों की स्थिति में बदलाव से न केवल ब्रह्मांडीय ऊर्जा में उतार-चढ़ाव आएगा। इस अवधि में बनने वाले विशेष योग, विशेषकर बुधादित्य राजयोग, को अत्यंत शुभ माना जाता है। यह योग कई लोगों के जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जो करियर में उन्नति, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक मान-सम्मान की तलाश में हैं। मंगल के अपने स्वभाविक स्थान में प्रवेश करने से ऊर्जा, साहस और निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होगी, जबकि सूर्य और बुध की युति से बुद्धि, संवाद क्षमता और नेतृत्व गुणों को मजबूती मिलेगी। वहीं शनि से जुड़े प्रभावों में भी कुछ कमी देखने को मिल सकती है, जिससे लंबे समय से चल रहे तनाव और बाधाओं में राहत मिलने के संकेत हैं। आइए जानते हैं मई माह के ये ग्रह गोचर किन राशियों को लाभ प्रदान करेंगे।

### मई माह के ग्रह गोचर

- **बुध ग्रहः** मई 2026 की शुरूआत में 01 मई 2026 को बुध मेष राशि में अस्त हो जाएगा। इसके बाद 15 मई 2026 को बुध वृषभ राशि में प्रवेश करेगा, जिससे संचार, बुद्धि और व्यापारिक मामलों में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा। आगे चलकर 26 मई 2026 को बुध उदय होगा और 29 मई 2026 को मिथुन राशि में गोचर करेगा, जिससे फिर से तेज निर्णय क्षमता और नए अवसरों की स्थिति बनेगी।
- **मंगल ग्रहः** 11 मई 2026 को मंगल अपनी ही राशि मेष में प्रवेश करेगा। यह गोचर बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इससे शनि-मंगल की अशुभ युति समाप्त होगी। इसके परिणामस्वरूप ऊर्जा, आत्मविश्वास और कार्यों में तेजी आएगी तथा रुके हुए काम पूरे होने लगेंगे।
- **शुक्र ग्रहः** 14 मई 2026 को शुक्र मिथुन राशि में गोचर करेगा, जिसे मित्र राशि में गोचर माना जाता है। इस समय प्रेम संबंधों, रचनात्मक कार्यों और भौतिक सुख-सुविधाओं में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिल सकती है।
- **सूर्य ग्रहः** 15 मई 2026 को सूर्य वृषभ राशि में प्रवेश करेगा। सूर्य के इस गोचर से आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। यह समय करियर और पद-प्रतिष्ठा के लिए अनुकूल माना जाएगा।
- **मेष राशि** - मई 2026 मेष राशि वालों के लिए काफी सकारात्मक रहने वाला है। सूर्य और बुध के अनुकूल प्रभाव से आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी और कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत होगी। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जबकि व्यापार करने वालों के लिए नए प्रोजेक्ट और अवसर सामने आ सकते हैं। इस समय मेहनत अधिक करनी होगी, लेकिन उसका परिणाम भी उतना ही अच्छा मिलेगा। सरकारी क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है।
- **वृषभ राशि** - वृषभ राशि के जातकों के लिए मई का महीना आर्थिक रूप से मजबूत संकेत दे रहा है। मंगल का प्रभाव और सूर्य-बुध का संयोग आपकी आय में वृद्धि कर सकते हैं। नौकरी में वेतन वृद्धि या अतिरिक्त आय के स्त्रोत बन सकते हैं। परिवार के साथ संबंध बेहतर होंगे और जीवन में सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यह समय वित्तीय स्थिरता और भविष्य की योजनाओं के लिए अनुकूल रहेगा।
- **वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के लिए यह समय निजी जीवन में राहत लेकर आएगा। लंबे समय से चले आ रहे विवाद समाप्त हो सकते हैं और रिश्तों में फिर से मधुरता लौटेगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, जिससे मानसिक तनाव कम होगा और आप खुद को अधिक संतुलित महसूस करेंगे। यह समय भावनात्मक रूप से स्थिरता देने वाला रहेगा।
- **मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए यह अवधि भाग्यवृद्धि का संकेत दे रही है। परिवार का सहयोग मिलेगा और कुछ लोगों के लिए विदेश से जुड़े अवसर या यात्रा की संभावना बन सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिलेगा। संतान से जुड़ी कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

## खबर एक नजर...

### न्यायालय में बार-बार जमानत देने वाले पर केस दर्ज

**उज्जैन।** न्यायालय में मिथ्या जानकारी देकर बार-बार आरोपियों की जमानत देने वाले की जानकारी सामने आने पर नागदा न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा मामले में पुलिस शिकायत दर्ज कराने के निर्देश जारी किये। न्यायालय के लिपिक विष्णुकांत पिता प्रेमनारायण सोनी 42 साल द्वारा मामले की शिकायत नागदा पुलिस को दर्ज कराई। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर बार-बार जमानत देने वाले ग्राम असलाना के बनेसिंह पिता नाथुसिंह भील के खिलाफ बीएनएस की धारा 211, 212, 236, 237 का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। न्यायालय के लिपिक के अनुसार आरोपित ने बीएनएस की धारा 486 में आरोपी की जमानत प्रस्तुत की थी और मिथ्या पाई गई। पूर्व में भी 3-4 आरोपितों की जमानत आरोपित बनेसिंह दे चुका था।

### नृसिंहघाट से मिली लाश की नहीं हुई शिनाख्त

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर क्षेत्र नृसिंहघाट से शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव महाकाल थाना पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद किया। मृतक हुलिये से भिक्षुक प्रतीत हो रहा था। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। कुछ लोगों ने बताया कि नाम विजय पिता नंदकिशोर था, लेकिन कहां का रहने वाला था यह पता नहीं है। पुलिस ने आसपास क्षेत्र में उसकी शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन देर शाम तक परिजनों की जानकारी सामने नहीं आ पाई थी। आशंका जताई गई है कि बीमारी के चलते उसकी मौत हुई है। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। परिजनों के नहीं मिलने पर पोस्टमार्टम के बाद शव दफनाया जायेगा।

### विजयागंज मंडी के युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** देवास और उज्जैन के बीच लगने वाले ग्राम विजयागंज मंडी में रहने वाले अर्जुन पिता विरेन्द्र मालवीय 22 साल ने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। शाम को अर्जुन को परिजन चरक अस्पताल से उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर चले गये। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है। जहरखुरानी का एक मामला खाराकुआ थाना क्षेत्र के केसवानी मोहल्ला से भी सामने आया। यहां रहने वाली 22 साल की फरीन पति मोहम्मद शाहरुख ने जहर खा लिया। परिजन उसे उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल लेकर आये, जहां डॉक्टरों ने भर्ती किया है। फरीन की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा होना सामने आ रहा है। पुलिस महिला के बयान दर्ज कर जांच शुरू करेगी।

### धुआं उठता देख बेगमबाग पहुंची पुलिस

उज्जैन। बेगमबाग क्षेत्र से शनिवार दोपहर आसमान में काला धुआं उठता देख महाकाल थाना पुलिस क्षेत्र में पहुंची एक मकान पर रखी लकड़ियों में आग लगी थी। जिसे कुछ लोग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि बेगमबाग में बने एक मकान की छत से धुआं उठने और आग लगने की खबर मिलने पुलिस मौके पर पहुंचने पर सामने आया कि एक मकान जहां नमकीन की दुकान है, उसकी छत पर रखी लकड़ियों में आ लगी है। कुछ लोग बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। लकड़ियों में लगी आग पास की छत पर सूख रहे कपड़ों तक पहुंच गई थी। आगजनी की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। कुछ देर में दमकल पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। घटनाक्रम में कोई जनहानि नहीं हुई है। आशंका जताई कि भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के चलते छत पर रखी सूखी लकड़िया सुलग उठी थी।

### 11 ग्राम एमडी बरामद, 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ

# मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आया बदमाश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में शामिल बदमाश को शुक्रवार-शनिवार रात 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। बदमाश पर पूर्व में भी कई मामले दर्ज है।

जिले में युवाओं को नशे से मुक्त रखने के लिये एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में लगातार अभियान चलाकर नशे का अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार-शनिवार रात नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील को खबर मिली कि कच्चा मसानिया क्षेत्र में मंदिर के पीछे एक व्यक्ति मादक पदार्थ की पुड़िया बेचने की फिराक में घूम रहा है। थाना प्रभारी ने एसआई वर्षा सोलंकी, एएसआई सेवाराम सखवार, आरक्षक दीपक दिनकर और महिला आरक्षक प्रियंका को मादक पदार्थ बेचने वाले की गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। कच्चा मसानिया क्षेत्र में पुलिस को देख एक व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। शंका होने पर आरक्षक दीपक ने पीछा किया और उक्त व्यक्ति को पकड़ा। वह थाना क्षेत्र की राजीव रत्न कालोनी का रहने वाला राकेश उर्फ चीना पिता शांतिलाल जगदेव 40 साल होना सामने आया। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी ली गई तो उसमें पास से प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी में रखा मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हो गया। ड्रग्स मिलने पर उसे थाने लाया गया, जहां मादक पदार्थ की मात्रा 11 ग्राम होना पाई गई। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 1.10 लाख रुपए आंकी गई है। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार राकेश उर्फ चीना के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।



### 20 से अधिक रिकार्ड, पत्नी भी तस्कर

थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि ड्रग्स के साथ हिरासत में आये बदमाश के खिलाफ 20 से अधिक मामले दर्ज है। जिसमें एनडीपीएस एक्ट के भी शामिल है। आरोपी की पत्नी पूजा भी मादक पदार्थ कारोबार की अवैध तस्करी में शामिल है। पूर्व में उसे भी कई बार पकड़ा जा चुका है। पूर्व में सख्त कार्रवाई की जा चुकी है, उसका अवैध मकान भी तोड़ा गया था। बावजूद फिर से आरोपी मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में शामिल होना पाया गया है।

### मिल सकता है कुछ ओर लोगों का सुराग

बताया जा रह है कि ड्रग्स मामले से जुड़े आरोपी राकेश से रिमांड अवधि में इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह ड्रग्स कहां से लेकर आया था। उसके साथ अवैध कारोबार में ओर कौन लोग जुड़े है। संभावना है कि कुछ ओर लोगों का पता चल सकता है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस द्वारा किये जायेगें।

## ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान जारी...



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

धार्मिक नगरी में आयोजित होने पर सिंहस्थ महाकुंभ 2028 की सुरक्षा और करोड़ों श्रद्धालुओं की व्यवस्था को बनाये रखने के लिये डीजीपी कैलाश मकवाना ने ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ चार दिन पहले पुलिस सामुदायिक भवन में किया था। चार दिनों से लगातार प्रदेशभर की पुलिस द्वारा वरिष्ठ और सेवानिवृत्त अधिकारियों की मौजूदगी में भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण का फील्ड पर प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। अभियान के चौथे दिन पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने जीवन रक्षक प्रशिक्षण सीपीआर का अभ्यास मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोक पटेल और डॉ. नरेन्द्र गोमे के माध्यम से प्राप्त किया। उसके बाद डीआईजी रतलाम निमिष अग्रवाल द्वारा जोन विभाजन, क्षेत्रीय प्रबंधन विषय पर सत्र आयोजित कर रूपरेखा को समझाया। सत्र उपरांत प्रतिभागियों को फील्ट विजिट कराकर भीड़ नियंत्रण रणनीति, प्रवेश-निकास व्यवस्था, बैरिकेडिंग सिस्टम, आपातकालीन मार्ग एवं समन्वित पुलिस-प्रशासनिक प्रबंधन का प्रत्यक्ष अध्ययन कराया गया।

# टाईल्स फैक्ट्री में काम करने वाले युवक ने लगाई फांसी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

टाईल्स फैक्ट्री में काम करने वाले युवक ने शनिवार सुबह कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक दिन पहले रिश्तेदार महिला के साथ लापता होने पर परिजन उनकी गुमशुदगी दर्ज कराने पुलिस के पास भी पहुंचे थे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

**रिश्तेदार महिला के साथ हुआ था लापता**

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि मक्सीरोड टाईल्स फैक्ट्री में काम करने वाला मंगलेश पिता बाबूलाल मालवीय 28 साल फैक्ट्री परिसर में बने कमरे में रहता था। सुबह 11 बजे के लगभग सूचना मिली कि मंगलेश ने फांसी लगा ली है। पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। इस दौरान सामने आया कि मंगलेश रिश्तेदार महिला के साथ 2 साल से संपर्क था। एक दिन पहले महिला के साथ लापता हो गया था। दोनों के नहीं मिलने पर रिश्तेदारों ने शुक्रवार रात थाने आकर लापता होने की जानकारी दी थी। शनिवार सुबह दोनों लौट आये थे। प्रधान आरक्षक के अनुसार संभवतः रिश्तेदारों ने उसे फटकार लगाई थी, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों और महिला रिश्तेदार के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।



# मकान में आग लगाने वाले 2 बदमाशों के पास मिला देशी कट्टा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात मकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाने और हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से देशी कट्टा और 2 जिंदा राउंड जप्त किये गये। आगजनी मामले में 13 से अधिक नाम सामने आये थे। अब तक तीन की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाले बदमाश रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात पांच बाइक पर सवार होकर आये एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। बदमाशों ने क्षेत्र में हवाई फायर भी किया था।



आगजनी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया था। वही रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर की शिकायत पर आगजनी का प्रकरण दर्ज किया था। आगजनी के समय मकान में कोई नहीं था। पुलिस ने वीडियो के आधार पर 13 से अधिक बदमाशों की पहचान की थी, जो बुंदेला गैंग के होना सामने आये थे। गुर्जर और बुंदेला गैंग में लम्बे समय से वर्चस्व की लड़ाई और रंजीश चली आ रही है। आग लगाने और फायर करने वाले बदमाशों की पहचान होने पर पुलिस ने निजातपुरा के रहने वाले संतोष परमार की 14 अप्रैल को गिरफ्तारी कर ली थी। पूछताछ में उसने अपने साथियों यशवेन्द्र उर्फ छिंगु बुन्देला, किशोर पटेल, मोहित पटेल, अमन उर्फ बच्चा, बबलू ठाकुर, ओम उर्फ बच्चा, चिनु मराठा, निखिलेश उर्फ निक्कु मराठा, राहुल उर्फ भय्यु गोहर, निक्कू गोहर, आशुतोष उर्फ आशु, राहुल उर्फ सूर्या सूर्यवंशी और अन्य के नाम बताये थे। जिनकी तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि फरार आरोपियों में शामिल 2 बदमाश किशोर पटेल निवासी चिंतामण और कुख्यात बदमाश छिंगू बुंदेला के रिश्तेदार रितेश उर्फ राजा शर्मा को शुक्रवार-शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में किशोर पटेल ने बताया कि आगजनी से पहले हवाई फायर के लिये देशी कट्टा उपयोग किया था। जो रितेश के पास रखा था। पुलिस ने टीम ने उक्त कट्टे की बरामदगी के प्रयास किये और दोनों की निशानदेही पर कट्टा बरामद किया, जिसके साथ 2 जिंदा राउंड भी मिले है। दोनों को शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। अब तक मामले में 3 बदमाशों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शेष को हिरासत में लेने के प्रयास जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com